Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 124 | बुधवार, 07 मई -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## ऑपरेशन सिंदूर

## पाकिस्तानी सैन्य सुविधा को निशाना नहीं बनाया गया है

## पहलगाम में आतंकी हमले के गुनहगारों को दी सजा

# भारत ने पाक पर की एयर स्ट्राइक
# 9 आतंकी ठिकाने किए ध्वस्त

भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के गुनहगारों को मिट्टी में मिलाना शुरू कर दिया है। भारतीय सेना देर रात पाकिस्तान और पीओके में आतंकियों के नौ ठिकानों पर स्ट्राइक की है। भारत ने बुधवार की रात करीब डेढ़ बजे 'ऑपरेशन सिंदूर के तहत बहावलपुर, कोटली और मुजफ्फराबाद में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। पहलगाम आतंकी हमले के 15 दिन बाद सेना ने दहशतगर्दों, उनके मददगारों को मुंहतोड़ जवाब दिया है। भारत ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला ले लिया है। पड़ोसी के जारी तनाव के बीच भारत ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों को मिसाइलें दागीं। पहलगाम आतंकी हमले के 15 दिन बाद भारत ने आतंकियों को मिट्टी में मिला दिया है।

जानकारी के मुताबिक, भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की है। भारतीय सशस्त्र बलों इस ऑपरेशन को ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया है। इस बीच समाचार एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में कई ठिकानों पर हमले भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना ने संयुक्त अभियान चलाकर किया। सेनाओं ने सटीक हमला करने वाले हथियारों का इस्तेमाल करके दहशतगर्दों को मिट्टी में मिलाने का काम किया। सेना ने भारतीय जमीन से ही दहशतगर्दों को सबक सिखाने का काम किया है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि भारतीय बलों ने उन आतंकवादी ढांचे को निशाना बनाया है, जहां से भारत के खिलाफ आतंकवादी हमलों की योजना बनाई गई और निर्देशित किया गया था। कुल मिलाकर नौ जगहों को निशाना बनाया गया है। हमारी कार्रवाई केंद्रित, पहले से तय और प्रकृति में गैर-उग्र रही है। किसी भी पाकिस्तानी सैन्य सुविधा को निशाना नहीं बनाया गया है। मंत्रालय ने कहा कि भारत ने टारगेट के चयन और हमले के तरीके में काफी संयम दिखाया है। ये कदम पहलगाम में हुए बर्बर आतंकवादी हमले के मद्देनजर उठाए गए हैं, जिसमें 25 भारतीयों और एक नेपाली नागरिक की हत्या कर दी गई थी। हम इस प्रतिबद्धता पर खरे उतर रहे हैं कि इस हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाएगा। मंत्रालय ने कहा कि जल्द ही ऑपरेशन सिंदूर पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में बायसरन घाटी में मौजूद घास के मैदान में छुट्टियों का लुत्फ उठा रहे 26 पर्यटकों की आतंकियों ने गोली मार कर हत्या कर दी थी। इसके बाद से पाकिस्तान लगातार गीदड़भभकियां दे रहा था। इस बीच भारत ने आज देशभर में मॉक ड्रिल करने की योजना बनाई थी, इस बीच भारतीय सेना ने पाकिस्तान के खिलाफ स्ट्राइक को अंजाम दिया है। भारत के जवाबी पलटवार के बाद पाकिस्तान ने दुनिया के सामने आंसू बहाना शुरू कर दिया है। पाकिस्तान के डॉन न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने कहा कि दोनों देशों के बीच तीव्र तनाव के बीच भारत ने कोटली, बहावलपुर और मुजफ्फराबाद में मिसाइल हमले किए हैं। यह एक कायरतापूर्ण हमला है। उन्होंने सुबह 4:08 बजे एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए खुद कबूल किसा कि भारत की ओर से छह इलाकों में विभिन्न हथियारों से कुल 24 ठिकानों को निशाना बनाया गया। इन छह इलाकों में हमारे क्षति आकलन के आधार पर आठ पाकिस्तानी मारे गए हैं। 35 घायल हुए हैं और दो लापता हैं।




**पाकिस्तान ने शुरू किए मगरमच्छ के आंसू बहाना**

**08**
पाकिस्तानी मारे गए हैं

**35**
घायल हुए हैं

## जैश-हाफिज सईद के ठिकानों पर भी स्ट्राइक



**नई दिल्ली।** भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के गुनहगारों को मिट्टी में मिलाना शुरू कर दिया है। भारतीय सेना देर रात पाकिस्तान और पीओके में आतंकियों के नौ ठिकानों पर स्ट्राइक की है। भारत ने बुधवार की रात करीब डेढ़ बजे 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत बहावलपुर, कोटली और मुजफ्फराबाद में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। पहलगाम आतंकी हमले के 15 दिन बाद सेना ने दहशतगर्दों, उनके मददगारों को मुंहतोड़ जवाब दिया है। पाकिस्तान में छिपे दहशतगर्दों, उनके मददगारों और भारत में आतंकी हमलों की साजिश रचने वालों को मिट्टी में मिलाने का वादा निभाने का काम शुरू कर दिया गया है। भारतीय सेना बुधवार देर रात पाकिस्तान के खिलाफ जबरदस्त कार्रवाई की। सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत आतंकवादियों के नौ ठिकानों को निशाना बनाकर हमले किए। समाचार एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में कई ठिकानों पर हमले भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना ने संयुक्त अभियान चलाकर किया। सेनाओं ने सटीक हमला करने वाले हथियारों का इस्तेमाल करके दहशतगर्दों को मिट्टी में मिलाने का काम किया।

सूत्रों के मुताबिक, हमलों में भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना की ओर से सटीक हमला करने वाली हथियार प्रणालियों का इस्तेमाल किया गया। इसमें लोइटरिंग हथियार भी शामिल थे।

## पाकिस्तान की ओर से मेंढर, बालाकोट और सागरा में गोलाबारी, हमले में महिला समेत तीन घायल

**जम्मू।** पाकिस्तान की ओर से मेंढर उपजिले के मेंढर, मनकोट और सागरा में हुई गोलाबारी के दौरान तीन लोगों के घायल होने की सूचना है।

पाकिस्तान की ओर से मेंढर उपजिले के मेंढर, मनकोट, बालाकोट और सागरा में हमले से तीन लोगों के घायल होने की खबर है। पुंछ जिले में एक महिला और उसकी बेटी पाकिस्तान के हमले में घायल हुए है। एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। भारत की एयर स्ट्राइक से बौखलाए पाकिस्तान ने नियंत्रण रेखा के पास बसे गांवों में मोर्टार से भी हमला किया है। भारतीय सेना हमले का जवाब दे रही है। दोनों ओर से फायरिंग हो रही है। समाचार एजेंसी पीटीआई के अनुसार पाकिस्तानी सेना ने बुधवार तड़के पुंछ और राजौरी में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास अग्रिम गांवों पर भारी मोर्टार से गोलाबारी की। अधिकारियों ने बताया कि पुंछ के कृष्णा घाटी, शाहपुर और मनकोट, राजौरी जिले के लाम, मंजाकोट और गंभीर ब्राह्मणा से गोलाबारी की खबर है। उन्होंने बताया कि सीमा की रक्षा कर रही भारतीय सेना ने भी जवाबी कार्रवाई की और अंतिम रिपोर्ट मिलने तक दोनों पक्षों के बीच सीमा पार से गोलाबारी जारी थी।



## भारत के हमले से बौखलाया पाकिस्तान



**श्रीनगर।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए कार्रवाई शुरू कर दी है। भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकाने को निशाना बनाया है। इसके बाद पाकिस्तान ने पुंछ-राजौरी क्षेत्र के भीमबेर गली में तोपखाने से गोलीबारी करके एक बार फिर संघर्ष विराम समझौते का उल्लंघन किया है। भारतीय सेना ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा कि पाकिस्तान के इस हरकत का सेना उचित तरीक से जवाब दे रही है।

## पीएम मोदी रात भर 'ऑपरेशन सिंदूर' पर बनाए रखे नजर

श्रीनगर। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान में घुसकर एयर स्ट्राइक की। इस दौरान रात भर पीएम मोदी नजर बनाए रखे। सुरक्षा बलों ने पहलगाम नरसंहार के प्रतिशोध में मंगलवार देर रात पाकिस्तान और पीओके में नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए। जैश-ए-मोहम्मद के ठिकानों को ध्वस्त कर दिया है। रक्षा मंत्रालय ने पुष्टि की कि ऑपरेशन के दौरान नौ विशिष्ट आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया, जिसमें बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) का मुख्यालय और मुरीदके में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का मुख्यालय शामिल है। एयर स्ट्राइक से पहले पीएम मोदी ने कई दौर मीटिंग की प्रधानमंत्री पूरे ऑपरेशन के दौरान नजर बनाए रखे। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ, वरिष्ठ खुफिया अधिकारियों और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल लगातार उन्हें जानकारी दी। प्रधानमंत्री और सेना, नौसेना और वायु सेना के प्रमुखों के बीच मंगलवार देर शाम से शुरू होकर बुधवार तड़के तक कई दौर की बातचीत हुई। सूत्रों ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर की योजना पहलगाम हमले के बाद के दिनों में किए गए खुफिया आकलन के बाद बनाई गई थी। भारतीय सैन्य परिसंपत्तियों ने किसी भी पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठान को निशाना नहीं बनाया। हमले विशेष रूप से सीमा पार आतंकवादी अभियानों की योजना बनाने और उन्हें अंजाम देने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले बुनियादी ढांचे पर लक्षित थे।



## संपादक की कलम से

# राफेल, राष्ट्रवाद का मजाक



ललित शर्मा
संपादक

अजय राय उप्र कांग्रेस के अध्यक्ष हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ लोकसभा चुनाव लड़ा था और पराजित हुए थे। टीवी चैनलों पर एक वीडियो चलता रहा है, जिसमें अजय राय के हाथ में राफेल लड़ाकू विमान का खिलौना है, जिस पर नींबू और हरी मिर्च लटके हैं। यह हमारी प्राचीन परंपरा है। मान्यता है कि नींबू-मिर्च बांधने से दुर्भाग्य की देवी प्रसन्न होती हैं और अनिष्ट नहीं करतीं। जब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह राफेल का सौदा करने फ्रांस गए थे, तो उन्होंने एक विमान पर ह्यस्वास्तिकबनाया था और विमान के पहियों पर नींबू-मिर्च बांधे थे। उस यूरोपीय देश को भी वह रीति-रिवाज अटपटे नहीं लगे थे। आस्था, विश्वास और रीति-रिवाज का सम्मान किया जाना चाहिए। अजय राय के अलावा, देश में किसी भी नेता और नागरिक को नींबू-मिर्च बांधने पर कोई आपत्ति नहीं है और न ही किसी ने 4-5 पीढ़ी के लड़ाकू विमान की ह्यआक्रामकतापर कोई सवाल किया है। अलबत्ता पहलगाम नरसंहार के बाद जरूर कुछ सवाल किए गए हैं। यही तुष्टिकरण की राजनीति है। शायद उप्र कांग्रेस के अध्यक्ष को यह जानकारी नहीं है कि कांग्रेस मुख्यालय की नई इमारत पर नींबू-मिर्च अब भी लटके हैं। क्या अजय राय कांग्रेस के इस कथित अंधविश्वास का मजाक उड़ाने का दुस्साहस कर सकते हैं? इधर अजय राय राफेल का खिलौना लेकर देश की सेना का अपमान कर रहे हैं, उधर पाकिस्तान के टीवी चैनलों पर सुर्खियां छाई हैं कि भारत के सियासतदां मोदी सरकार के अंधविश्वास का मजाक उड़ा रहे हैं। समझ नहीं आता कि कांग्रेस कार्यसमिति में प्रस्ताव पारित किया जाता है, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बार-बार दोहरा रहे हैं कि पार्टी इस दौर में मोदी सरकार के साथ खड़ी है। सरकार पाकिस्तान और आतंकियों के खिलाफ जो भी फैसला लेगी, कांग्रेस उसका समर्थन करेगी, लेकिन कांग्रेस के कुछ प्रमुख नेता और प्रवक्ता अनर्गल सवाल उठा कर देश की फजीहत करने पर आमादा हैं। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री और मौजूदा सांसद चरणजीत सिंह चन्नी ने पाकिस्तान में ह्यसर्जिकल स्ट्राइकपर ही सवाल उठाए हैं। बहरहाल राफेल पर तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने भी 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान अभियान छेड़ा था और ह्यचौकीदार चोर हैका जुमला उछाल कर प्रधानमंत्री मोदी पर घूसखोरी का आरोप चस्पा किया था। बावजूद इसके कांग्रेस के सिर्फ 44 सांसद ही जीत कर संसद में आ पाए थे। सर्वोच्च अदालत ने न केवल फटकार लगाई थी, बल्कि 14 दिसंबर, 2018 को राफेल सौदे संबंधी याचिका को भी खारिज कर दिया था। आज देश युद्ध सरीखे हालात से गुजर रहा है। गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों को निर्देश भेजे हैं कि हवाई हमले के सायरन बजने, ब्लैक आउट, नागरिकों और छात्रों को युद्ध की आंशिक ट्रेनिंग आदि पर ह्यमॉक ड्रिलकी जाए। 1971 के बाद यह कवायद की जा रही है। प्रधानमंत्री ने सभी शीर्ष स्तरीय मुलाकातें और बैठकें की हैं। देश में हलचल महसूस की जा रही है, लेकिन अजय राय सवाल कर रहे हैं कि आखिर राफेल का कब इस्तेमाल किया जाएगा? उसके नींबू-मिर्च कब खोले जाएंगे? युद्ध और हमलों की जानकारी कभी सार्वजनिक की जाती है क्या? राफेल और अन्य सैन्य रणनीतियां भी एक किस्म का ह्यराष्ट्रवादहैं। एक डिजिटल आतंकवाद को भी आजकल ह्यराष्ट्रवादका नाम दिया जा रहा है।

# आतंकवाद पर बड़ा प्रहार।

भारत देश में सदैव वैश्विक शांति का संदेश ही दिया है, यह अलग बात है कि भारत में धार्मिक सामाजिक आर्थिक विविधता विषमता के कारण अंदरूनी विवादों तथा आतंकवादी गतिविधियों के कारण अशांत रहने पर मजबूर किया है। भारत की आंतरिक सुरक्षा भी पिछले 20 वर्षों से अलग–अलग शहरों यहां तक संसद भवन के हमलों और कश्मीर में विभिन्न समय तथा स्थानों पर आतंकवादी हमलों ने भारत की आंतरिक व्यवस्था में उथल–पुथल मचाने का प्रयास किया है, भारत की शक्ति और सामर्थ्य इतनी सक्षम है कि आतंकवादियों के हमलों का भारत सरकार ने समय–समय पर मुंहतोड़ जवाब भी दिया है। पठानकोट और पुलवामा हमले इसके सबसे सशक्त और सक्षम मामले हैं जहां भारत ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादियों के ठिकानों को नष्ट किया है। जम्मू कश्मीर में भी छुटपुट घटनाओं के अलावा स्वतंत्रता के बाद से शांति का माहौल स्थापित हुआ है। जहां तक भारत की सीमा के विवाद का प्रश्न है तो भारत भौगोलिक रूप से एशिया के दक्षिणी भाग में स्थित है और भारत की सीमाएं 7 जिनमें चीन, नेपाल, म्यानमार ,भूटान, श्रीलंका, बांग्लादेश और पाकिस्तान देश शामिल हैं। भारत सदैव अपने पड़ोसियों से शांति के संबंध स्थापित रखना चाहता है।



संजीव ठाकुर

भारत एक विशाल लोकतांत्रिक देश होने के साथ-साथ शांति सौहार्द्र और गुटनिरपेक्षता का पक्षधर रहा है पर वर्तमान में जब पाक समर्थित आतंकियों द्वारा पहलगाम में 27 निर्दोष भारतीयों की निर्मम हत्या कर दी गई है, भारत का यह देशवासियों के प्रति बनता है कि देशवासियों की रक्षा करे और उन आतंवादियों और उनको पनाह देने वाले व्यक्ति और देश को समूल नष्ट करे। भारत यदि पाकिस्तान पर हमला कर युध्य करता है तो यह भारत की तरफ से आक्रमण नही आत्म-सुरक्षात्मक आवश्यक कदम होगा, फिर यदि उसमे आतंकवादी मरें या कोई देश नेस्तनाबूद हो भारत को बिल्कुल भी फिक्र करने की जरा भी जरूरत नही है।

भारत संप्रभुता एकता तथा अखंडता का वैश्विक स्वच्छ एवं साफ-सुथरी छवि वाला एकमात्र बड़ा लोकतांत्रिक देश है। अमेरिका में भी लोकतंत्र है पर वहां पूंजीवादी व्यवस्था तथा व्यापक व्यवसायीकरण ने अनेक राष्ट्रों को विस्तार वादी तथा साम्राज्यवादी मानसिकता का बना दिया है। अमेरिका की शक्ति संपन्नता अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसे एक असंवेदनहीन, लोकतांत्रिक एवं निरंकुश राष्ट्र के रूप में स्थापित कर चुकी है। अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में अमेरिका और विभिन्न काल खंडों में अलग-अलग देशों को एक दूसरे से युद्ध करने के उकसाने के लिए बदनाम रहा है, और उसकी इस इस कूटनीति का सबसे बड़े एवं तात्कालिक उदाहरण अफगानिस्तान में तालिबान आतंकवादियों का कब्जा एवं और रूस यूक्रेन युद्ध में यूक्रेन अमेरिकी तथा अमेरिकी समर्थित नैटो एवं यूरोपीय देशों की भूमिका ही रही है। इसी तरह इसराइल हमास युद्ध में इसराइल को खुला समर्थन देकर अमेरिका ने विस्तारवाद तथा साम्राज्यवाद की आग को हवा देने का काम किया है और लगभग चारों देशो के लाखों लोगों की जान को जिंदगी से वंचित कर दिया है। भारत एक विशाल लोकतांत्रिक देश होने के साथ-साथ शांति सौहार्द्र और गुटनिरपेक्षता का पक्षधर रहा है।

भारत देश में सदैव वैश्विक शांति का संदेश ही दिया है, यह अलग बात है कि भारत में धार्मिक सामाजिक आर्थिक विविधता विषमता के कारण अंदरूनी विवादों तथा आतंकवादी गतिविधियों के कारण अशांत रहने पर मजबूर किया है। भारत की आंतरिक सुरक्षा भी पिछले 20 वर्षों से अलग-अलग शहरों यहां तक संसद भवन के हमलों और कश्मीर में विभिन्न समय तथा स्थानों पर आतंकवादी हमलों ने भारत की आंतरिक व्यवस्था में उथल-पुथल मचाने का प्रयास किया है, भारत की शक्ति और सामर्थ्य इतनी सक्षम है कि आतंकवादियों के हमलों का भारत सरकार ने समय-समय पर मुंहतोड़ जवाब भी दिया है। पठानकोट और पुलवामा हमले इसके सबसे सशक्त और सक्षम मामले हैं जहां भारत ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादियों के ठिकानों को नष्ट किया है। जम्मू कश्मीर में भी छुटपुट घटनाओं के अलावा स्वतंत्रता के बाद से शांति का माहौल स्थापित हुआ है। जहां तक भारत की सीमा के विवाद का प्रश्न है तो भारत भौगोलिक रूप से एशिया के दक्षिणी भाग में स्थित है और भारत की सीमाएं 7 जिनमें चीन, नेपाल, म्यानमार ,भूटान, श्रीलंका, बांग्लादेश और पाकिस्तान देश शामिल हैं। भारत सदैव अपने पड़ोसियों से शांति के संबंध स्थापित रखना चाहता है। भारत की विदेश नीति गुटनिरपेक्ष एवं शांति, सद्भावना की रही है। भारत के साथ पड़ोसी देशों में भूटान, बांग्लादेश श्रीलंका ,मालदीव ,सदैव भारत के साथ मित्रवत रहे हैं किंतु चीन तथा पाकिस्तान ने हमेशा भारत के हितों का नुकसान की चाहा है भूटान, बांग्लादेश, और बांग्लादेश ने भारत से अपने संबंध अपने हितों से जोड़कर कई संधियों में हस्ताक्षर किए ,जिसके कारण दोनों देशों ने मिलकर कई पावर प्लांट, पावर ट्रांसमिशन लाइन, 1 बंदरगाह की विकास रेल लाइन निर्माण आदि में एक दूसरे का साथ दिया है पर आज बांग्लादेश भारत का बड़ा दुश्मन बन चुका है, मालदीव एक एसा देश है जिसका दक्षिण तथा अरब सागर में सामरिक महत्व है, इसलिए भारत के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। चीन पाकिस्तान के अलावा नेपाल से भी भारत के संबंध बहुत मधुर कभी नहीं रहे हैं नेपाल में चीन तथा पाकिस्तान के हस्तक्षेप के कारण नेपाल भारत की आलोचना करता आया है। पाकिस्तान का इस्लामिक कट्टरपंथ एवं वहां की सेना तथा पाकिस्तानी शासन के हुक्मरान भारत को अपना दुश्मन नंबर एक मानते हैं। भारत का नेपाल के साथ सीमा विवाद है जिसके चलते नेपाल का नजरिया भारत के प्रति बदलता गया है। भारत और चीन के संबंध 1962 के बाद से सभी सामान्य नहीं रहे हैं। लाइन आफ एक्चुअल कंट्रोल में चीन ने अरुणाचल प्रदेश तथा लद्दाख में सदैव अतिक्रमण किया है और भारत का चीन से डोकलाम, पपेंगांग, गलवान क्षेत्रों में सैनिक स्तर का विवाद होता रहा है और एलएसी पर चीन और भारत में बड़ी संख्या में सैनिकों को तैनात किया है। इसी बात में अमेरिका भारत के साथ है किंतु रूस इस मामले में निरपेक्ष नीति अपनाए हुए हैं। यह अलग बात है कि अमेरिका भारत का स्वतंत्रता के बाद से तभी सहयोगी मित्र नहीं रहा है और रूस ने परंपरागत रूप से अपनी मित्रता भारत के साथ अलग-अलग घटनाओं तथा युद्धों में साबित की है। यह तो तय है कि भारत में आतंकी गतिविधियां आंतरिक सुरक्षा के लिए हमेशा खतरा बनी हुई थी और है। इसके अलावा एल ए सी तथा एलओसी में चीन तथा पाकिस्तान जैसे देशों से हमें मुकाबला करना होगा। पाकिस्तान दिवालिया होने की कगार पर है पर चीन की मदद तथा उकसावे के कारण पाकिस्तान भारत को एक बड़ा दुश्मन मानती है।

वैसे तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत सरकार की सभी देशों से अच्छी मित्रता है एवं भारत को शांति का पक्षधर माना जाता है किंतु रूस यूक्रेन युद्ध में यह बात एकदम स्पष्ट उभर कर आई है कि किसी भी युद्ध में देश को अपनी सुरक्षा खुद की शक्ति एवं सामर्थ्य से करनी होगी। अमेरिका जैसे देश बाहर से तमाशा देखने वाले देशों में माने जाते हैं। अतः भारत को अपनी आंतरिक तथा सीमा की सुरक्षा स्वयं के शक्ति तथा सामर्थ से ही करनी होगी एवं हमेशा सतर्कता बरतनी होगी।

## राजीव नन्दन मिश्र



## ऑपरेशन सिन्दूर

### कविता

शुरू हुआ बदला भारत का!
नाम ऑपेरशन सिन्दूर!!
आतंकियों के विरुद्ध जंग!
टूटने लगा दुश्मन गुरुर!!


भारत नहीं क्षेड़े किसी को!
पुरातन इसका अपना धर्म!!
स्वयं क्षेड़े जाने पर न छोड़ता!
सकल विश्व जानता हैं मर्म!!

एयरस्ट्राइक है यह भारत का!
पाक नव ठिकानों के विरुद्ध!!
दुश्मन सारे समझ ले फिर से!
करे न कोई मेरा मार्ग अवरुद्ध!!

सिन्धु–जल पहले रोका हमने!
उचित वक्त देंगे दुरुस्त जवाब!!
पहलगाम घटना संकल्प हमारा!
नहीं रुकेंगे और होंगे कामयाब!!

# अव्वल आने की होड़ में छात्रों की आत्महत्याएं चिन्ताजनक

कोचिंग संस्थानों की बढ़ती बाढ़ एवं गलाकाट प्रतिस्पर्धा में छात्र किस हद तक जानलेवा घातकता का शिकार हो रहे हैं। यह दुखद ही है कि सुनहरे सपने पूरा करने का ख्वाब लेकर कोटा गए चौदह छात्रों ने इस साल आत्महत्याएं की हैं। टॉपर संस्कृति के दबाव एवं अव्वल आने की होड़ में छात्रों के द्वारा तनाव, अवसाद, कुंठा में आत्महत्या कर लेना एक गंभीर समस्या है। यह दुर्भाग्यपूर्ण एवं चुनौतीपूर्ण है कि हमारी छात्र प्रतिभाएं आसमानी उम्मीदों, टॉपर संस्कृति के दबाव व शिक्षा तंत्र की विसंगतियों के चलते आत्मघात की शिकार हो रही हैं। हाल ही में लगातार हो रही छात्रों की दुखद मौतें जहां शिक्षा प्रणाली अतिश्योक्तिपूर्ण प्रतिस्पर्धा पर प्रश्न खड़े करती है, वहीं विचलित भी करती हैं। इनमें राजस्थान स्थित कोटा के नीट के परीक्षार्थी और मोहाली स्थित निजी विश्वविद्यालय में फोरेंसिक साइंस का एक छात्र शामिल था। पश्चिम बंगाल के आई आई टी खड़गपुर में सिविल इंजीनियरिंग विभाग के तीसरे वर्ष के छात्र मोहम्मद आसिफ कमर का शव उनके हॉस्टल रूम में फंदे से लटका मिला। भुवनेश्वर के कीट में कम समय में दूसरी नेपाली छात्रा की मौत से विश्वविद्यालय की छवि और भारत के विदेशी छात्रों को आकर्षित करने के प्रयासों पर सवाल उठ रहे हैं। नीट के पेपर के तनाव में नूपुर ने नीट पेपर के एक दिन पहले फांसी लगाकर जान देना एवं मौत को गले लगाना हमारी घातक प्रणालीगत विफलता एवं टॉपर संस्कृति की आत्महंता सोच को ही उजागर करती है। निश्चित रूप से छात्र-छात्राओं के लिये घातक साबित हो रही टॉपर्स संस्कृति में बदलाव लाने के लिए नीतिगत फैसलों की सख्त जरूरत है। राजस्थान सरकार की ओर से प्रस्तावित कोचिंग संस्थान (नियंत्रण और विनियमन) विधेयक इस दिशा में बदलावकारी साबित हो सकता है। लेकिन केन्द्र सरकार को भी ऐसे ही कदम उठाने होंगे ताकि छात्रों में आत्महत्या की समस्या के दिन-पर-दिन विकराल होते जाने पर अंकुश लग सके। यह शिक्षाशास्त्रियों, समाज एवं शासन व्यवस्था से जुड़े हर एक व्यक्ति के लिए चिंता का विषय होना चाहिए। कोचिंग संस्थानों की बढ़ती बाढ़ एवं गलाकाट प्रतिस्पर्धा में छात्र किस हद तक जानलेवा



घातकता का शिकार हो रहे हैं। यह दुखद ही है कि सुनहरे सपने पूरा करने का ख्वाब लेकर कोटा गए चौदह छात्रों ने इस साल आत्महत्याएं की हैं। विडंबना यह है कि बार-बार चेतावनी देने के बावजूद कोचिंग संस्थानों के संरचनात्मक दबाव, उच्च दांव वाली परीक्षाओं, गलाकाट स्पर्धा, दोषपूर्ण कोचिंग प्रथाएं और सफलता की गारंटी के दावों का सिलसिला थमा नहीं है। यही वजह है कि हाल ही में केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण यानी सीसीपीए ने कई कोचिंग संस्थानों को भ्रामक विज्ञापनों और अनुचित व्यापारिक प्रथाओं के चलते नोटिस दिए हैं। दरअसल, कई कोचिंग संस्थान जमीनी हकीकत के विपरीत शीर्ष रैंक दिलाने और चयन की गारंटी देने के थोथे एवं लुभावने वायदे करते रहते हैं। निस्संदेह, इस तरह के खोखले दावे अक्सर कमजोर छात्रों और चिंतित अभिभावकों के लिये एक घातक चक्रव्यूह बन जाते हैं। छात्रों को अनावश्यक प्रतिस्पर्धा के लिये बाध्य करना और योग्यता को अंकों के जरिये रैंकिंग से जोड़ना कालांतर में अन्य छात्रों को निराशा के भंवर में फंसा देता है। वास्तव में सरकार को ऐसा पारिस्थितिकीय तंत्र विकसित करना चाहिए, जो विभिन्न क्षेत्रों में रुचि रखने वाले युवाओं के लिये पर्याप्त संख्या में रोजगार के अवसर पैदा कर सके। वास्तव में हमें युवाओं को मानसिक रूप से सबल बनाने की सख्त जरूरत है, तभी भारत सशक्त होगा, विकसित होगा। पारिवारिक दबाव, शैक्षिक तनाव और पढ़ाई में अव्वल आने की महत्वाकांक्षा ने छात्रों के एक बड़े वर्ग को गहरे मानसिक अवसाद में डाल दिया है। युवाओं को भी सोचना होगा कि जिंदगी दोबारा नहीं मिलती। इसे यूं ही तनाव में आकर ना गंवाएं, बल्कि जिंदगी में आने वाली कठिनाइयों का डटकर मुकाबला करें। पढ़ाई में असफल रहने के कारण कुछ बच्चों पर मानसिक दबाव बढ़ रहा है। हर परिवार की अपने बच्चों से ज्यादा अपेक्षाएं होती हैं। अधिकतर युवा जिंदगी में आने वाली समस्याओं को बर्दाश्त नहीं कर पाते और वे अपनी बात किसी से साझा तक नहीं करते। प्रतिभागियों को बताया जाना चाहिए कि कोई भी परीक्षा जीवन से बड़ी नहीं होती। छात्रों की आत्महत्या की घटनाएं तथाकथित समाज एवं राष्ट्र विकास एवं शिक्षा की विडम्बनापूर्ण एवं त्रासद तस्वीर को बयां करती है। आत्महत्या शब्द जीवन से पलायन का डरावना सत्य है जो दिल को दहलाता है, डराता है, खौफ पैदा करता है, दर्द देता है। प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थानों, उच्च शिक्षा संस्थानों एवं कोचिंग संस्थानों में आत्महत्या की बढ़ती घटनाएं हमारी चिन्ता का सबब बनना चाहिए। वैसे छात्रों की आत्महत्या कोई नई बात नहीं है, ऐसी खबरें हर कुछ समय बाद आती रहती हैं। रिकॉर्ड बताते हैं कि पिछले एक दशक में कोचिंग संस्थानों में ही नहीं, आईआईटी जैसे संस्थानों में ही 52 छात्र आत्महत्या कर चुके हैं। यह संख्या इतनी छोटी भी नहीं कि ऐसे मामलों को अपवाद मानकर नजरअंदाज कर दिया जाए। बेशक ऐसे हर मामले में अवसाद का कारण कुछ अलग रहा होगा, वे अलग-अलग तरह के दबाव होंगे, जिनके कारण ये छात्र-छात्राएं आत्महत्या के लिए बाध्य हुए होंगे। ऐसे संस्थानों में जहां भविष्य की बड़ी-बड़ी उम्मीदें उपजनी चाहिए, वहां अगर दबाव और अवसाद अपने लिए जगह बना रहे हैं और छात्र-छात्राओं को आत्महंता बनने को विवश कर रहे हैं तो यह एक काफी गंभीर मामला है। शैक्षणिक दबावों के चलते छात्रों में आत्महंता होने की घातक प्रवृत्ति का तेजी से बढ़ना हमारे नीति-निमार्ताओं के लिये चिन्ता का कारण बनना चाहिए। क्या विकास के लम्बे-चौडे. दावे करने वाली भारत सरकार ने इसके बारे में कभी सोचा? क्या विकास में बाधक इस समस्या को दूर करने के लिये सक्रिय प्रयास शुरू किए?

विचित्र है कि जो देश दुनिया भर में अपनी संतुलित जीवनशैली एवं अहिंसा के लिये जाना जाता है, वहां के शिक्षा-संस्थानों में हिंसा का भाव पनपना एवं छात्रों के आत्महंता होते जाने की प्रवृत्ति का बढ़ना अनेक प्रश्नों को खड़ा कर रहा है। ऐसे ही अनेक प्रश्नों एवं खौफनाक दुर्घटनाओं के आंकड़ों ने शासन-व्यवस्था के साथ-साथ समाज-निमार्ताओं को चेताया है और गंभीरतापूर्वक इस विडम्बनापूर्ण एवं चिन्ताजनक समस्या पर विचार करने के लिये जागरूक किया है, लेकिन क्या कुछ सार्थक पहल होगी? बहुत जरूरी है कि कोचिंग संस्थान अपनी कार्यशैली एवं परिवेश में आमूल-चूल परिवर्तन करें ताकि छात्रों पर बढ़ते दबावों को खत्म किया जा सके। फिलहाल जरूरी यह भी है कि इन संस्थानों में एक ऐसे तंत्र को विकसित किया जाए, जो निराश, हताश और अवसादग्रस्त छात्रों के लगातार संपर्क में रहकर उनमें आशा का संचार कर सके, उन्हें सकारात्मकता के संस्कार दे सके। इसके लिए स्थाई तौर पर कुछ मनोवैज्ञानिकों एवं विशेषज्ञों की सेवाएं भी ली जा सकती हैं। छात्रों के सिर पर परीक्षा का तनाव एवं अव्वल आने की दोड़ प्रतिस्पर्धा के दौर में और भी बढ़ गयी है। आज रोजगार के अवसर लगभग समाप्त हैं। ग्रेजुएशन कर चुकने वाला छात्र केवल किसी दफ्तर में ही अपने लिये सम्भावनायें तलाशता है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# वाराणसी के विश्व हिन्दू रक्षा परिषद के टीम को भारत गौरव सम्मान से किया गया सम्मानित

वेलकम इंडिया



**वाराणसी :** विश्व हिन्दू रक्षा परिषद द्वारा आयोजित एक भव्य समारोह में श्री कृष्णा पांडेय (राष्ट्रीय मंत्री),स्वामी कन्हैया महाराज (शनि पीठाधीश्वर)पंकज सिंह (प्रदेश सचिव)राजेश मौर्या (वाराणसी जिला अध्यक्ष),एडवोकेट प्रवीश पांडेय (विधि प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष)अखिलेश कुमार (जिला उपाध्यक्ष)वाराणसी को ह्णभारत गौरव सनातन सम्मानह्व से सम्मानित किया गया` यह सम्मान उन्हें समाजसेवा, भारतीय संस्कृति के संरक्षण एवं राष्ट्रीय चेतना के प्रसार में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया` समारोह में अनेक गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही जिनमें मुख्य अतिथियों उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, अयोध्या मंदिर के प्रमुख रामविलास वेदांती, हनुमान गढ़ी महंत राजू दास, गोपाल राय तथा कई देशों के विशिष्ट प्रतिनिधि, साधु संत तथा देश प्रदेश के पदाधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहें` वाराणसी जिलाध्यक्ष राजेश मौर्या ने सम्मान ग्रहण करते हुए कहा कि यह सम्मान न केवल उनके लिए, बल्कि उन सभी के लिए प्रेरणा है जो राष्ट्र और समाज के लिए समर्पित हैं` विश्व हिन्दू रक्षा परिषद प्रति वर्ष ऐसे व्यक्तित्वों को सम्मानित करती है जो समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं तथा विश्व हिंदू रक्षा परिषद ने यह भी कहा कि आगामी 16 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में दो लाख लोगो के लोगो की आने संभावना है जो हिंदू राष्ट्र के लिए आह्वाहन करेंगे तथा विश्व हिंदू रक्षा परिषद की पदाधिकारी अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में बंगाल के मुर्शिदाबाद से कश्मीर के पहलगाम तक हिंदुओं को एकजुट करने के लिए पदयात्रा भी निकालेंगे।

# डीएम ने छात्राओं से परिचय प्राप्त करने के साथ-साथ कक्षा 1,2 एवं 3 की पाठ्य पुस्तकों का स्वयं भी अवलोकन किया

वेलकम इंडिया



बुलंदशहर बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में एनसीईआरटी पाठ्यक्रम पर आधारित कक्षा 1, 2 एवं 3 की नवीन निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों को मंगलवार जिलाधिकारी श्रुति ने कक्षा 1, 2 एवं 3 में अध्यनरत छात्र- छात्राओं को कलेक्ट्रेट कार्यालय में वितरित की। जिलाधिकारी द्वारा सभी छात्राओं से परिचय प्राप्त करने के साथ-साथ कक्षा 1,2 एवं 3 की पाठ्य पुस्तकों का स्वयं भी अवलोकन किया गया तथा छात्राओं को ध्यान लगाकर, कठिन परिश्रम कर पढ़ने हेतु प्रेरित किया। बीएसए द्वारा बताया गया कि जनपद में कक्षा एक से तीन तक की एनसीईआरटी पाठ्यक्रम पर आधारित पाठ्य पुस्तक प्राप्त हो गई है जिनका सत्यापन जनपद स्तरीय समिति से करा लिया गया है जिन्हें शीघ्र ही सभी छात्र/छात्राओं को उपलब्ध करा दिया जाएगा ह्न जनपद में कक्षा 1 से 3 तक के कुल 63142 छात्राएं अध्यनरत हैं।

# बुगरासी में सीओ स्याना प्रखर पांडे ने की पुलिस बल के साथ गस्त



वेलकम इंडिया

**बुगरासी।** सीओ स्याना एसओ नरसेना रितेश सिंह व चौकी प्रभारी बुगरासी सोबरन सिंह ने भारी पुलिस बल के साथ कस्बे के मुख्य मार्गों पर पैदल गस्त की ।सीओ ने बताया कि शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु शरारती तत्वों को यह बताने के लिये अगर शरारत करने की सोची भी तो कानून वो हस्त्र करेगा कि भविष्य सोचोगे भी नही कि ऐसा क्यों किया।

# हरियाणा अग्रवाल विकास संगठन द्वारा 18 मई को महाराजा अग्रसेन भवन में जरूरतमंद परिवार की कन्याओं की शादी समारोह होगा- बजरंग गर्ग

वेलकम इंडिया



**हरियाणा/हिसार(राजेश सलूजा)** :- वैश्य समाज के प्रतिनिधियों की मीटिंग हरियाणा अग्रवाल विकास संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष व वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। मीटिंग के उपरांत बजरंग गर्ग ने पत्रकार वार्ता में कहा कि अग्रवाल विकास संगठन द्वारा 18 मई को महाराजा अग्रसेन भवन में जरूरतमंद परिवार की कन्याओं की शादी समारोह होगा। शादियों की व्यवस्था के लिए अलग-अलग टीमों का गठन किया गया। बजरंग गर्ग ने बताया कि जरूरतमंद युवक-युवतियों की शादी बड़े धूमधाम से करवाई जाएगी। शादी समारोह में खाने, ठहरने के अलावा हर प्रकार की व्यवस्था संस्था द्वारा की गई है। श्री गर्ग ने कहा कि शहर के सामाजिक व धार्मिक व्यक्तियों के सहयोग से युवक-युवती को डबल बैंड, गद्दे, चादर, स्टील अलमारी, संदूक, चार कुर्सी, मेज, कुलर, 31 पीस बर्तन, प्रैस, घड़ियां (लेडीज और जेंट्स)। आभूषणों में चांदी की पाजेब, अंगूठी, चुटकी, चैन और लोकेट। वस्त्रों में 11 पीस लेडीज सूट व जेंट्स सूट, कम्बल, सफारी सूट, लहंगा चुन्नी। अन्य सामग्री में मेकअप का सामान, सूट केस, मिठाई आदि समान दिया जाएगा। अब तक शादी के लिए जोड़े का रजिस्ट्रेशन हो रही है। शादी के लिए ओर जितने भी जोड़े आएगें उन सभी की शादियां 18 मई को ही करवाई जाएगी। प्रात 10:30 बजे घूड़चड़ी होगी, 11:30 बजे बारात का स्वागत होगा और 12:00 बजे वर माला व आशीर्वाद समारोह होगा। 1:00 बजे खाना और 3:00 बजे फेरे होगें। बजरंग गर्ग ने कहा कि समाज के प्रतिनिधियों द्वारा नशा मुक्ति अभियान चलाया जाएगा ताकि युवा पीढ़ी को नशे के दलदल से बचाया जा सकें। नशे के कारण युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही है और नशे के कारण हरियाणा में लगातार अपराध बढ़ रहा है। इस अवसर पर महाराजा अग्रसेन भवन के प्रधान अंजनी कुमार खारिया, संरक्षक दीपक गर्ग, वैश्य समाज के जिला प्रधान एनके गोयल, युवा शहरी प्रधान अनिल सिंगला मंगालीवाला, संजग के प्रदेशाध्यक्ष सत्यपाल अग्रवाल, अनाज मण्डी एसोसिएशन के जिला प्रधान पवन गर्ग, उपप्रधान बजरंग असरावां, निर्मल गर्ग, विकास लोहरिया, देवेंद्र गर्ग, श्री श्याम दर्शन परिवार के प्रधान श्याम संग परिवार के प्रधान अनिल तनेजा, अभिमन्यु बंसल, सुरेन्द्र सिंगला, आशुतोष, धर्मेंद्र कथरिया, किशन मौर्य, देवीलाल जाखड़, राजेन्द्र बंसल आदि प्रतिनिधि मौजूद थे।

# थाना बखिरा पुलिस ने 400 ग्राम अवैध गाँजा के साथ 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया

**संत कबीर नगर।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी मेंहदावल सर्वदवन सिंह के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना बखिरा राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में उ0 नि0 सुरेन्द्र कुमार सिंह, कां0 प्रवेश यादव, कां0 राजन खरवार ने चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन व भ्रमण क्षेत्र के दौरान अभियुक्त छोटू गिरी पुत्र ढोढ़ई साकिन झुंगिया थाना बखिरा जनपद सन्तकबीरनगर को आज दिनांक 06.05.2025 को ग्राम मेड़रापार के पास से कुल 400 ग्राम अवैध गाँजा के साथ माननीय सर्वोच्च न्यायालय व मानवाधिकार आयोग के आदेशों-निदेर्शों का अक्षरः पालन करते हुए गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया ।

गिरफ्तार व्यक्ति के विरुद्ध मु0अ0स0 162/2025 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट दर्ज किया गया है।

# जिलाधिकारी ने गढ़मुक्तेश्वर तहसील का निरीक्षण कर संबंधित को दिए सख्त दिशा निर्देश



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार

हापुड गढ़मुक्तेश्वर/जनपद हापुड़ के नवनियुक्त जिला अधिकारी अभिषेक पांडे के द्वारा जनपद की कमान संभालने के उपरांत निरीक्षण करने का सिलसिला जारी है। बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण करने पर भ्रष्टाचार में लिप्त दो बाबू पर सख्त कार्यवाही करने से जनपद में हड़कंप मचा हुआ है ।इसी क्रम में जिलाधिकारी अभिषेक पांडे के द्वारा गढ़मुक्तेश्वर तहसील का निरीक्षण किया गया। और तहसील परिसर में साफ सफाई एवं अधिकारियों को अपनी ड्यूटी में लापरवाही नहीं बरसाने की सख्त हिदायत देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की सभी योजनाओं को धरातल पर अमली जामा पहनाने के साथ पीड़ितों की फरियादों का तत्काल प्रभाव से गुणवत्ता समयबद्ध प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए।

# पहले एक लाख रुपए और अब एससी-एसटी एक्ट के नाम पर पांच लाख रुपए पीड़ित से मांगने का लगा आरोप

वेलकम इंडिया महमूद रजा



नजीबाबाद किसान यूनियन प्रधान संगठन के पदाधिकारियों ने पीड़ित को न्याय दिलाने और दरोगा प्रवीण कुमार से जांच हटाने के लिए सीओ को दिया ज्ञापन पुलिस ने पीड़ित को न्याय नहीं दिया तो किसान यूनियन प्रधान ने चेतावनी दी कि न्याय पाने तक पीड़ित के साथ धरना प्रदर्शन करेगी : किसान यूनियन रामोद बिजनौर ।नजीबाबाद आदर्श नगर पुलिस चौकी इंचार्ज के सामने नगर निवासी गली नंबर 6 बी के रहने वाले गौरव मलिक पुत्र वेदपाल सिंह अपनी फुटवियर की दुकान चलाकर अपने परिवार का पालन-पोषण करता है और गौरव मलिक को प्यार के झासे में लेकर एक लड़की आदर्श नगर निवासी ने एक प्रार्थनापत्र पूर्व में 19 फरवरी को मारपीट को लेकर चौकी प्रभारी प्रवीण कुमार को दिया था जिस पर चौकी प्रभारी प्रवीण कुमार ने छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज करने का दबाव बनाकर एक लाख रुपए एक पुलिसकर्मी के माध्यम से परिवार वालों से ले लिए थे और हल्की धाराओं में चालान कर छोड़ दिया था। ज्ञापन में लड़की और दरोगा पर ज्ञापन में कई आरोप लगाए हैं।

लड़की ने पूर्व में एक प्रार्थना पत्र एसपी को देकर कार्रवाई की मांग की थी और 5 लाख रुपए की डिमांड कर डाली जिसको लेकर दरोगा प्रवीण कुमार ने गौरव मलिक के परिवार से पैसों की मांग की पैसे ना देने पर कुछ नेताओं के कहने पर कई संगीन धाराओं मे मुकदमा दर्ज कर दिया । दरोगा प्रवीण कुमार इतनी बात सुनकर अब एससी एक्ट धारा और बढ़ाने की बात करते हैं जिससे परिवार के व्यक्ति परेशान है।

# एमआईटी में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार




**मेरठ।** परतापुर बाईपास स्थित मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) में मंगलवार को मेदांता हॉस्पिटल, गुरुग्राम के सहयोग से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ निदेशक डॉ. केएलए खान, प्रिंसिपल डॉ. हिमांशु शर्मा, फामेर्सी प्राचार्य डॉ. नीरज कांत शर्मा, डीन एकेडमिक डॉ. गौरव शर्मा, कैंप समन्वयक अजय चौधरी एवं मेदांता हॉस्पिटल के वरिष्ठ मार्केटिंग मैनेजर अनिमेष कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान मेदांता हॉस्पिटल की वरिष्ठ कार्डियोलॉजी कंसल्टेंट डॉ. महजूबा आर. मजूमदार की निगरानी में 100 से अधिक फैकल्टी सदस्यों व कर्मचारियों की स्वास्थ्य जांच की गई। जांच में ब्लड प्रेशर, रैंडम ब्लड शुगर, बॉडी मास इंडेक्स, फेफड़ों की क्षमता, ईसीजी और बोन मिनरल डेंसिटी शामिल थीं। सभी प्रतिभागियों को विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क परामर्श भी प्रदान किया गया। कैंप के समन्वयक अजय चौधरी ने बताया कि इसका उद्देश्य संस्थान के कर्मचारियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और प्रारंभिक स्तर पर संभावित बीमारियों की पहचान करना है।

# समाज में बढ़ती कुरीतियों, आधुनिक टेक्नोलोजी एवं बढ़ते साइबर अपराधों के चलते हमें स्वंय जागरूक रहने की आवश्यकता है : एसपी

वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार



**मुरसान।** पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा ऑपरेशन जागृति फेज-4 अभियान के तहत द्वारा यूनिसेफ के प्रतिनिधियों के साथ थाना मुरसान क्षेत्रांतर्गत ग्राम भीलम में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर महिला एवं बालिकाओं व आमजन को ऑपरेशन जागृति के उद्देश्यों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई और अभियान का जन-जन तक प्रचार प्रसार करने की अपील की गई ।इस दौरान थाना प्रभारी मुरसान, प्रभारी निरीक्षक महिला परामर्श केन्द्र, क्षेत्र के सम्भ्रान्त व्यक्ति, पूर्व प्रधान, प्रधान एवं क्षेत्र के महिलाएं, पुरूष, बालक, बालिकाएं आदि उपस्थित रहे ।सर्वप्रथम बालिकाओं द्वारा पुलिस अधीक्षक का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया । तत्पश्चात आपरेशन जागृति कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए आमजन को ऑपरेशन जागृति के उद्देश्यों के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान करते हुए जागरुक किया गया ।पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि समाज में बढ़ती कुरीतियों, आधुनिक टेक्नोलोजी एवं बढ़ते साइबर अपराधों के चलते हमें स्वंय जागरूक रहकर अपने बच्चों लड़कों-लड़कियों को जागरूक करने की आवश्यकता है। इसी क्रम में छात्र, छात्राओं को मन लगाकर शिक्षा ग्रहण करने की सलाह दी गई तथा साइबर क्राइम से बचने के उपायों के बारे में बताया गया ।साथ ही आज कल समाज में छोटे, किशोर, युवा, प्रौढ, स्त्री, पुरूष, अमीर गरीब सभी नशा करने की आदत बढती जा रही है ।नशा का सेवन करने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताते हुए नशा न करने हेतु जागरूक किया गया । आपरेशन जागृति फेज-4 अभियान की सहायता से महिलाओं-बालिकाओं के प्रति अपराधों में कमी आयेगी, गलत सूचनाएं दर्ज करने मे भी कमी आयेगी, कांउसलिंग और रिपोर्टिंग सिस्टम मजबूत होगा, पलायन सम्बन्धी मामलों में भी कमी आयेगी ।इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा यूनिसेफ के प्रतिनिधियों के माध्यम से जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर बताया गया कि नाबालिग उम्र में बालिकायें लव अफेयर, पलायन, लिव इन रिलेशनशिप जैसे मामलों में फँस जाती है।

# सैनिकों की समस्याओं का प्राथमिकता से होगा समाधानः जिलाधिकारी

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर,** गोविन्द मेहता, जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने सेवारत व पूर्व सैनिकों, वीर सैनिकों और वीर नारियों की समस्याओं की समीक्षा करते हुए कहा कि सैनिकों के परिवादों का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा ।मंगलवार को जिला कार्यालय में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे सेवारत व पूर्व सैनिकों की समस्याओं को अत्यंत प्राथमिकता और शालीनता के साथ सुनें और उनका त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें। बैठक में भूतपूर्व सैनिकों, वीर सैनिकों और वीर नारियों की विभिन्न समस्याओं और बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि जिला स्तर की जो भी समस्याएं हैं, उनका संवेदनशीलता और तत्परता के साथ निराकरण किया जाए। जिलाधिकारी भटगांई ने इस बात पर जोर दिया कि सैनिक देश की सुरक्षा के लिए सीमाओं पर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं, ऐसे में उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करना सभी अधिकारियों की नैतिक जिम्मेदारी है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कहा कि जिला स्तर के सभी प्रकरणों का तत्परता से समाधान किया जाय, जबकि राज्य सरकार और भारत सरकार से संबंधित प्रकरणों को इस फोरम के माध्यम से प्रभावी कार्यवाही के लिए भेजा जाएगा।

बैठक में उपजिलाधिकारी जीतेंद्र वर्मा, सैनिक कल्याण अधिकारी सुबोध शुक्ला,इंस्पेक्टर टी आर बगरेठा, सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# जिले भर से फरार चल रहे 8 वांछित अभियुक्तो को पुलिस ने दबोचा

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर में अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में जनपद पुलिस को एक और बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। लगातार दबिश और निगरानी के चलते पुलिस ने विभिन्न थानों से फरार चल रहे 08 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया है। यह कार्रवाई जनपद में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान इस प्रकार की गई हैः खुर्शीद पुत्र अब्दुल लतीफ निवासी ग्राम मानियावाला थाना अफजलगढ़, छोटे पुत्र बुद्ध सिंह निवासी ग्राम अगदपुर थाना जसपुर, जनपद उधमसिंह नगर (उत्तराखंड), छतरपाल पुत्र कृपाल सिंह, केला देवी पत्नी कृपाल सिंह, तारा देवी पुत्री कृपाल सिंह, मुन्शी पुत्र कृपाल सिंह झ चारों निवासी ग्राम केहरीपुर थाना रेहड़, छोटेलाल पुत्र कालू लाल निवासी ग्राम गुल्लर कोजी थाना जसपुर (उत्तराखंड), और दीपू पुत्र ऋषिपाल निवासी ग्राम ढोलापुरी थाना नांगल। पुलिस अधिकारियों के अनुसार यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और कानून से खिलवाड़ करने वाले किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। जनपद पुलिस का कहना है कि ऐसे फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित कर आमजन में सुरक्षा की भावना और अपराधियों में कानून का डर पैदा करना ही अभियान का मुख्य उद्देश्य है।

जनता से भी अपील की गई है कि किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अपराध के विरुद्ध ₹जीरो टॉलरेंस₹ की नीति पर कठोरता से अमल किया जा रहा है।






# शांतिभंग के आरोप में पांच लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार




**वेलकम इंडिया**

बुलंदशहर थाना गुलावठी से पुलिस द्वारा कस्बा गुलावठी में भिन्न-भिन्न स्थानों से शांति भंग करने के आरोप में धारा 170 /126/135 बीएनएसएस में समीर पुत्र इकबाल निवासी मोहल्ला रामनगर सारी कस्बा गुलावठी भूरा पुत्र इकबाल निवासी मोहल्ला उपरोक्त अरमान पुत्र ताहिर निवासी उपरोक्त सुहेल पुत्र ताहिर निवासी उपरोक्त कृष्ण पाल पुत्र हरदयाल सिंह निवासी विकास कॉलोनी थाना गुलावठी जनपद बुलंदशहर को गिरफ्तार कर उप जिलाधिकारी सिकंदराबाद के समक्ष पेश किया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सुनीता मलिक ने बताया है कि पांच लोगों को अलग अलग स्थानों से गिरफ्तार कर चालान किया गया है।

# न्याय यात्रा के साथ गरुड़ पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत



**वेलकम इंडिया**

बागेश्वर, न्याय यात्रा के तहत पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत मंगलवार को गरूड़ पहुंचे। यहां आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने स्थानीय साहित्यकारों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि संकट के समय ही साहित्यकारों ने देश को दिशा देने का काम किया।कहा कि कवि औरसाहित्यकार गागर में सागर भर देते हैं।

वही जिले में कई बुद्धिजीवी कवि और साहित्यकार है जिनकी साहित्य रचना से बहुत कुछ सीखने को मिलता है।बुजुर्ग साहित्यकार और पूर्व दर्जा राज्य मंत्री गोपाल दत्त भट्ट की पुस्तक मैं फिर आऊंगा का भी विमोचन पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने किया।इस दौरान दर्जनों कांग्रेसी नेताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री को पहाड़ की शान और विकास पुत्र कहते हुए उनका जोरदार स्वागत किया।इस दौरान पूर्व दर्जा राज्यमंत्री गोपाल दत्त भट्टने भी पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत की प्रशंसा करते हुए उन्हें उत्तराखण्ड की शान बताया।इस दौरान पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा, पूर्व विधायक ललित फर्सवाण, पूर्व जिपं अध्यक्ष हरीश ऐठानी, देवेंद्र परिहार, आनंद रावत, नगर पंचायत अध्यक्ष भावना वर्मा, भरत फर्सवाण, राजेंद्र टंगड़िया, कांग्रेस जिलाध्यक्ष भगत डसीला, बबलू नेगी, गिरीश कोरंगा, लक्ष्मण आर्या, आदि उपस्थित थे।

# नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल के आयोजन की तैयारी हेतु की बैठक



**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**

मेरठ जनपद में 06 मई 2025 को विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी डा0 वी0के सिंह की अध्यक्षता में 07 मई को नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल के आयोजन की तैयारी हेतु बैठक आहूत की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर द्वारा सिविल डिफेन्स, स्काउट, एनसीसी, एनएसएस, विद्युत विभाग आदि से तैयारियो के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। उन्होने एयर स्ट्राइक के समय सायरन के चार साइन, रेडियो कम्यूनिकेशन, कंट्रोल रूम के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। जिलाधिकारी द्वारा कल की जाने वाली मॉक ड्रिल की तैयारी के संबंध में सीएमओ, अग्निशमन विभाग, संबंधित पुलिस क्षेत्राधिकारी व मजिस्ट्रेट को टीम बनाने के निर्देश दिये और कहा कि समस्त टीमो के लिए कार्यस्थल सुनिश्चित कर दिये जाये। असिस्टेंट कमिश्नर उद्योग को महत्वपूर्ण फैक्ट्रियो में सिक्योरिटी के लिए प्लान बनाने के निर्देश दिये। उन्होने ब्लॉकवार व्हाट्स ऐप ग्रुप बनाने के निर्देश दिये जिसमें लोकल सीएचसी, पीएचसी, ग्राम प्रधान, पुलिस अधिकारी शामिल हों तथा उसमें ट्रेनिंग के लिए एक वार्डन को भी जोडा जाये। उन्होने कहा कि मॉक ड्रिल का उद्देश्य समस्त नागरिको को जागरूक करना है। सूचनाओ के आदान-प्रदान के लिए तहसील, ब्लॉक व जिला स्तर पर व्हाट्स ऐप ग्रुप बनाने के निर्देश दिये गये। उन्होने बताया कि शहर में सेंट जोसेफ स्कूल तथा अन्य स्कूल/कालेज में मॉकड्रिल का आयोजन किया जायेगा। एसएसपी विपिन ताडा ने कहा कि आपातकाल के समय खुले में न रहे, निकटतम सुरक्षित स्थान पर छुप जाएं, घर में टेबिल/बेड या मजबूत फर्नीचर के नीचे छुप जाएं, यदि रास्ते में हो तो गाडी साइड में खडी कर निकटतम सुरक्षित स्थान पर छुप जाएं। अफवाहो पर ध्यान न दें। ऐसे समय में भगदड की स्थिति न बनने दें। इस अवसर पर सीडीओ नूपुर गोयल, अपर जिलाधिकारी प्रशासन बलराम, अपर जिलाधिकारी नगर बृजेश सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त सूर्य कान्त त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी भूमि अध्यापति राजपाल सिंह, एसपी ट्रैफिक राघवेन्द्र मिश्रा, एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह, सीएमओ डा0 अशोक कटारिया, समस्त एसडीएम, पीडी डीआरडीए सुनील कुमार सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी रेनू श्रीवास्तव, बीएसए आशा चौधरी सहित अन्य संबंधित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# दिल्ली सेक्शन में नमो भारत स्टेशनों पर लास्ट माइल कनेक्टिविटी प्रदान कर रहीं इलेक्ट्रिक एसी बसें

**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**



नमो भारत ट्रेनों द्वारा तेज गति की परिवहन सेवा प्रदान करने के साथ यात्रियों की निर्बाध एवं सुविधाजनक यात्रा के लिए एनसीआरटीसी लास्ट-माइल कनेक्टिविटी की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए भी प्रयासरत है। इसी श्रृंखला में, एनसीआरटीसी ने डीटीसी के साथ मिलकर दिल्ली में विभिन्न रूटों पर चलने वाली इलेक्ट्रिक एसी सिटी बसों को नमो भारत स्टेशनों से इंटीग्रेट करने की व्यवस्था की है। इसके लिए आपसी सहमति से शुरूआत में 3 ऐसे रूट निर्धारित किए गए हैं जो दिल्ली सेक्शन के परिचालित स्टेशनों, न्यू अशोक नगर और आनंद विहार से कनेक्टेड हैं। इनमें से एक रूट की बसें तो न्यू अशोक नगर नमो भारत स्टेशन से ही संचालित की जा रही हैं। ये बसें अपने निर्धारित रूटों पर सेवाएँ प्रदान करने के दौरान नमो भारत स्टेशनों पर बनाई गई ड्रॉप ऑफ लेन में रुक रही हैं, जहाँ से नमो भारत ट्रेनों के यात्री इनमें बैठकर आगे की यात्रा का लाभ उठा सकते हैं। नमो भारत स्टेशन के पास जिस रूट पर ये बसें परिचालित हो रही हैं उनमें न्यू अशोक नगर नमो भारत स्टेशन से आनंद विहार आईएसबीटी तक, आनंद विहार आईएसबीटी से अशोक नगर बॉर्डर तक और अशोक नगर बॉर्डर से मयूर विहार फेस-3 पेपर मार्केट तक के रूट शामिल हैं। ये बसें सुबह 6.30 बजे से रात 11 बजे तक अपने-अपने टाइम टेबल के अनुसार इन रूट पर अपनी सेवाएँ प्रदान कर रही हैं इन बसों के चलने से चिल्ला गाँव, सपेरा बस्ती, न्यू कोंडली, दल्लुपुरा, गाजीपुर गाँव व मंडी, धर्मशिला क्रॉसिंग, त्रिलोक पुरी आदि क्षेत्रों के निवासी निर्बाध रुप से नमो भारत के नेटवर्क से जुड़ गए हैं। इससे उनके लिए गाज़ियाबाद और मेरठ तक नमो भारत द्वारा तेज गति से यात्रा करना बेहद आसान हो गया है। एनसीआरटीसी का निरंतर प्रयास रहा है कि यात्रियों को नमो भारत स्टेशन तक पहुँचने या नमो भारत स्टेशन से उतरकर अपने गंतव्य तक पहुँचने के लिए तेज और पर्यावरण-अनुकूल परिवहन विकल्प प्रदान किए जाएँ जो आज के पर्यावरणीय परिवेश और प्रदूषण को देखते हुए एक महत्वपूर्ण आवश्यकता है। इस क्रम में गाज़ियाबाद के कुछ स्टेशनों पर ई-रिक्शा एवं रैपिडो जैसे लास्ट माइल कनेक्टिविटी प्रदाता पहले से ही अपनी सेवाएँ प्रदान रहे हैं। हाल ही में ऊएश्क बस योजना यानी दिल्ली इलेक्ट्रिक व्हीकल इंटरचेंज योजना के अंतर्गत शुरू की गई इन बसों के रूट के साथ नमो भारत स्टेशनों का इंटीग्रेशन इस दिशा में उठाया गया एक और सार्थक कदम है। एनसीआरटीसी के इस प्रयास से ज्यादा से ज्यादा लोग नमो भारत ट्रेनों की सुविधा का लाभ ले रहें हैं ।

# विवाहिता लापता, मायके पक्ष ने दी तहरीर, पति पर लगाया आए दिन मारपीट करने का आरोप

**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**



**हाथरस**। थाना हाथरस गेट क्षेत्र के गाँव नगला नंदू निवासी एक विवाहिता संदिग्ध परिस्थितियों में अपनी बेटी के साथ लापता हो गई है। विवाहिता के भाई सादाबाद थाना क्षेत्र के गांव नीति निवास तंसीगा निवासी संजीव कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर अपनी बहन और भांजी को बरामद करने के गुहार लगाई है। विवाहिता के भाई संजीव कुमार ने बताया है कि उसकी बहन रेखा की शादी बाबू नाम के युवक के साथ हुई थी, जिसका ससुराल गाँव नगला नंदू में है, जो थाना हाथरस गेट क्षेत्र के अंतर्गत आता है। विवाहिता के भाई का कहना है कि उसका बहनोई उसकी बहन के साथ आए दिन मारपीट करता रहता है। जिससे हम लोग अपनी बहन की परेशानी को लेकर बहुत दुखी है। वह मेरी बहन को मारने की धमकी देता था। दिनांक 5 मई 2025 से लापता है। इसके साथ एक सात साल की भांजी भी है, उसका भी कोई पता नहीं है। जो अब तक नहीं घर लौटी है। पता नहीं किस हालत में होगी और कहा होगी।जिसको आस पड़ोस समेत अन्य रिश्तेदारों के यहां ढूंढ़ने का प्रयास किया था, लेकिन बहन रेखा का कुछ सुराग नहीं लगा था। जिसके बाद परेशान होकर पुलिस को तहरीर दी हैं।

# पालिकाध्यक्ष ने जिलाधिकारी से की मॉडल इंटर कॉलेज में शिक्षकों की नियुक्ति की मांग

**वेलकम इंडिया**




**टाण्डा जिला रामपुर**। नगर स्थित मॉडल इंटर कॉलेजों में स्टॉफ की कमी के कारण छात्र-छात्राओं को न सिर्फ दाखिले में परेशानी हो रही है, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता भी प्रभावित हो रही है। पालिकाध्यक्ष साहिबा सरफराज ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर जरूरत के मुताबिक दोनों कॉलेजों में अध्यापकों सहित अन्य स्टॉफ की नियुक्ति की मांग की है।

नगर कर मॉडल बालिका इंटर कॉलेज मोहल्ला ईद वाली बगिया तथा मॉडल बालक इंटर कॉलेज, मोहल्ला मोतीनगर स्टॉफ की गंभीर कमी से जूझ रहे हैं।जिसके कारण स्कूल चलो अभियान भी नगर में प्रभावी रूप से संचालित नहीं हो सका। परिणामस्वरूप छात्र-छात्राएं निजी विद्यालयों में दाखिला लेने को मजबूर हैं। वहीं, अनेक प्रतिभाशाली विद्यार्थी शिक्षकों के अभाव में उचित मार्गदर्शन नहीं पा रहे हैं, जिससे उनके भविष्य पर संकट मंडरा रहा है।गौरतलब है कि विपरीत परिस्थितियों के बावजूद मॉडल बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने इस वर्ष यूपी बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। पालिकाध्यक्ष साहिबा सरफराज और उनके पति हाजी सरफराज आलम ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र उक्त दोनों विद्यालयों में अध्यापकों व अन्य स्टॉफ की नियुक्ति की मांग की है ताकि क्षेत्र के विद्यार्थियों को बिना किसी व्यवधान के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो सके और उनका शैक्षणिक भविष्य सुरक्षित रह सके।

# बीएसए को निरीक्षण में स्कूलों में अनुपस्थित मिले शिक्षक

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा**। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त द्वारा विभिन्न विकास खंडों में किए गए स्कूलों के औचक निरीक्षण में नामांकन के सापेक्ष बच्चों की उपस्थिति कम मिली वहीं नवीन नामांकन भी स्कूलों में कम मिले।कई जगह स्कूलों में शिक्षक शिक्षिकाएँ अनुपस्थित मिलीं जिनके वेतन रोकने की कार्यवाही की गई है।शिक्षकों द्वारा स्कूलों में शिक्षण कार्य न करने, नवीन नामांकन न बढ़ाने पर बीएसए सुनील दत्त ने नाराजगी जाहिर की है।

विकास खंड बलदेव के प्राथमिक विद्यालय हथकौली द्वितीय के निरीक्षण में नामांकित छात्र संख्या 51 के सापेक्ष 24 छात्र/छात्रा उपस्थित मिले।प्राथमिक विद्यालय हथकौली प्रथम के निरीक्षण में शान्ती देवी शिक्षामित्र अनुपस्थित मिलीं जिनका वेतन अग्रिम आदेश तक रोकने की कार्यवाही की गई है।

प्राथमिक विद्यालय मडौरा के निरीक्षण में विद्यालय में नामांकित छात्र संख्या 116 के सापेक्ष 80 छात्र छात्र/छात्रा उपस्थित मिले।इस सत्र में अभी तक नवीन नामांकन भी मात्र 16 बच्चों का हुआ है। बीएसए द्वारा डी०एल०एड० प्रशिक्षुओं की उपस्थिति पंजिका का अवलोकन करने पर मात्र प्रशिक्षु-रेखा निरीक्षण के समय उपस्थित मिलीं। एवं डी०एल०एड० प्रशिक्षु सुशीला देवी, राम कुमार दुबे, कोमल सिंह, अजय, महादेव प्रसाद, राहुल, काजल कुमारी 15 अप्रैल को योगदान देने के बाद से ही लगातार अनुपस्थित मिले। सभी प्रशिक्षुओं के अनुपस्थित होने की सूचना डायट प्राचार्य को देने के निर्देश प्रधानाध्यापक को दिए। पूर्व माध्यमिक विद्यालय ततरौता के निरीक्षण में विद्यालय में नामांकित छात्र संख्या 60 के सापेक्ष 18 छात्र/छात्रा उपस्थित मिले। प्राथमिक विद्यालय ततरौता के निरीक्षण में रवीन्द्र कुमार प्र०अ० व कल्पना उपमन्यु स०अ० अनुपस्थित मिले।दोनों का वेतन अग्रिम आदेश तक रोकने की कार्यवाही की गई है। उच्च प्राथमिक विद्यालय करनपुर फरह , प्राथमिक विद्यालय धानाखेमा फरह का भी निरीक्षण किया गया ।वहींप्राथमिक विद्यालय दौलतपुर, फरह के निरीक्षण में खुशबू स०अ०, श्रीमती मीनू, जयपाल सिंह अनुपस्थित मिले सभी का वेतन अग्रिम आदेश तक रोकने की कार्यवाही की गई है।निरीक्षण के समय नामांकित छात्र संख्या 185 के सापेक्ष 10 छात्र/छात्रा ही उपस्थित मिले। प्राथमिक विद्यालय धीमरी, विकास खण्ड-छाता, के निरीक्षण में शिक्षक राकेश बैनीवाल अनुपस्थित मिले जिनका वेतन अग्रिम आदेश तक रोकने की कार्यवाही की गई है।दो डीएलएड प्रशिक्षु भी अनुपस्थित मिले। उच्च प्राथमिक विद्यालय धीमरी के निरीक्षण में हरिपाल सिंह इं०प्र०अ० व लोचन सिंह स०अ० अनुपस्थित मिले।छात्र संख्या 32 के सापेक्ष 07 छात्र उपस्थित मिले।

# संदिग्ध परिस्थितियों में नहर में मिला युवक का शव

**वेलकम इंडिया**



**मिजार्मुराद**। मेंहदीगंज गांव सईदा (मिजार्मुराद) नहर के पास एक गोशाला के सामने नहर में सोमवार की देर रात एक पल्सर बाइक पड़ी ग्रामीणों को दिखाई दिया।जिसपर ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना मिजार्मुराद पुलिस को दिया गया।सूचना पर मौके पर पहुंचे मिजार्मुराद थाना प्रभारी सुधीर कुमार त्रिपाठी व खजुरी चौकी प्रभारी प्रीतम तिवारी तो नहर में ही बाइक के पास एक युवक का शव भी पड़ा मिला।जिसपर पुलिस द्वारा ग्रामीणों की मदद से शव बाहर निकालकर बाइक नंबर के जरिये युवक के घर सूचना दिया गया।मृतक युवक की पहचान मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के कल्लीपुर बड़ी पाही गांव निवासी गौतम राजभर उम्र (39) वर्ष पुत्र लल्लन राजभर के रूप में हुआ।सूचना पर मौके पर पहुंचे मृतक के पिता लल्लन राजभर ने बताया की गौतम एक शादी में गया हुआ था वही से वापस आ रहा है वही परिजनों को आशंका है कि किसी ने गौतम को मारकर नहर में बाइक समेत फेक दिया।मृतक तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था व राजगीर का काम करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था।घटना स्थल पर पहुंची मृतक की मां शांति देवी व पत्नी चाँदनी देवी समेत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा।मृतक को तीन पुत्र बताए गए।इस बाबत मिजार्मुराद थाना प्रभारी सुधीर कुमार त्रिपाठी में बताया कि युवक शराब के नशे में था बारिश हुई थी बाइक स्लिप हुई है और अनियंत्रित होकर बाइक समेत पानी में गिरा है उसी से मौत हुई है।पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण पता चल पाएगा।वही परिजनों व ग्रामीणों का कहना रहा कि युवक के सिर के पास व चेहरे पर कई जगह चोट के निशान थे किसी ने मारकर बाइक समेत नहर में फेंक दिया है।खजुरी चौकी प्रभारी प्रीतम तिवारी ने भी बताया कि युवक नशे में बाइक से अनियंत्रित होकर नहर में गिरा है जिससे उसकी मौत हुई है।

# डीएम की अध्यक्षता में चकबन्दी कार्यों की समीक्षा बैठक हुई आयोजित

**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर**। जिलाधिकारी/ जिला उपसंचालक चकबन्दी आलोक कुमार की अध्यक्षता में चकबन्दी कार्यों की समीक्षा बैठक की गयी है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि/रा) जयप्रकाश उपस्थित रहे। उन्होंने सीमांकन/कब्जा परिवर्तन स्तर पर प्रचलित ग्रामों का निर्धारित समायवधि में सीमांकन कार्य पूर्ण कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त पीठासीन अधिकारीगणों को मानक के अनुसार वादों के निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर अजय प्रकाश दीक्षित बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी, किसलय किशोर द्विवेदी चकबन्दी अधिकारी धनघटा प्रथम, कमलेश कुमार शर्मा चकबन्दी अधिकारी खलीलाबाद, संजय कुमार सिंह गौतम चकबन्दी अधिकारी मेहदावल, उमेश चन्द्र पाण्डेय चकबन्दी अधिकारी धनघटा द्वितीय, कृष्ण कुमार सहायक चकबन्दी अधिकारी मेहदावल, जितेन्द्र कुमार सहायक चकबन्दी अधिकारी धनघटा, ओम प्रकाश गुप्ता सहायक चकबन्दी अधिकारी धनघटा, रामदरस सहायक चकबन्दी अधिकारी धनघटा, इन्द्रजीत यादव सहायक चकबन्दी अधिकारी धनघटा, अवधेश कुमार सहायक चकबन्दी अधिकारी नाथनगर, अजय कुमार श्रीवास्तव सहायक चकबन्दी अधिकारी खलीलाबाद, आशुतोष नायक सहायक चकबन्दी अधिकारी एवं श्रीमती उदिता पाण्डेय सहायक चकबन्दी अधिकारी धनघटा उपस्थित रहें।

# श्रीकुल पीठ ने पूर्णाहुति साथ सप्त दिवसीय महायज्ञ का किया सफल आयोजन

वेलकम इंडिया

**वाराणसी।** द्वारकाधीश की धरती गुजरात पर बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी की सुप्रसिद्ध सांस्कृतिक,सामाजिक एवं धार्मिक संगठन ब्रह्मराष्ट्र एकम्-विश्वमहासंघ व उसके गुजरात इकाई द्वारा विश्व कल्याण एवं आम जनमानस के हित में सात दिवसीय त्रिपुरसुंदरी मां के विराट महायज्ञ का आयोजन सफलता के साथ पूर्ण किया।



यह यज्ञ अहमदाबाद के वस्त्राल में ब्रह्मराष्ट्र एकम् के संस्थापक अध्यक्ष व श्रीकुल पीठ के पीठाधीश्वर श्रीश्री 1008 डॉ.सचिंद्रनाथ महाराज द्वारा आचार्य पीठाधीश्वर श्री दिवाकर गुरु जी के आचार्यत्व में काशी से पधारे विद्वान ब्राह्मणों के मार्गदर्शन में सम्पन्न किया गया। सप्त दिवसीय महायज्ञ का शुभारंभ दिनांक 27 अप्रैल से 108 कलश यात्रा के साथ हुआ जिसमें कि भारतवर्ष के सुख,शांति व प्रगति के उद्देश्य से काशी से आए काशीवासी एवं अहमदाबाद गुजरात से श्रद्धालुजन सहभागी बन पुण्य के साक्षी बने। तत्पश्चात 28 अप्रैल से काशी के विद्वानों द्वारा गुजरातवासी व भारतवासियों के हितार्थ एवं भारतवर्ष की उन्नति के संकल्प के साथ संकल्पवान यजमानों के माध्यम से यज्ञाहूति हवनकुंड में दी गई जिसके साथ संध्याकाल में काशी से गंगा आरती अर्चक द्वारा मां की महाआरती की गई एवं काशी के सुप्रसिद्ध भजन गायक पुनीत जेटली पागल बाबा ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। श्रीकुल पीठाधीश्वर द्वारा बताया कि यज्ञ भगवान से उत्पन्न हुई सकारात्मक ऊर्जा से मां त्रिपुरसुंदरी सभी का कल्याण करेंगी। श्रीश्री दिवाकर गुरुजी ने महाविद्या कथा के साथ सभी सनातनियों को सनातोदय के क्रम में धर्म की रक्षा हेंतु संकल्प दिलाया।

ब्रह्मराष्ट्र एकम् गुजरात व कार्यक्रम के व्यवस्थापक कांतिभाई पटेल ने अहमदाबाद में इस पुण्यरूपी यज्ञ का आयोजन करने के लिए हृदय से आभार प्रकट किया एवं देश व समाज के उत्थान के लिए सदा तत्पर गुजरातवासियो से आह्वान किया कि इस यज्ञ से प्राप्त ऊर्जा को जनमानस के कल्याण में उपयोग किया जाए।

उपरोक्त कार्यक्रम में काशी से प्रिया मिश्र,कुशाग्र मिश्रा,भृगु , काशी मंदिर उपमहंत कल्लू महाराज, प्रयागराज से देवेंद्र नारायण मिश्रा,अनुपम मिश्र,राजीव शुक्ला आदि ने यज्ञ में आहुति प्रदान कर मां का आशीर्वाद लिया।

महायज्ञ में विशेष रूप से प्रकाश मिश्र,संतोष कश्यप,अभिषेक पांडे,मनोज,कांति भाई व अन्य काशीवासियों एवं गुजरातवासियो ने कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष योगदान दिया।

# दिनेश फलाहारी ने जल्दी सुनवाई के लिए गेट पर बैठ कर की प्रार्थना

वेलकम इंडिया

**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर के लिए तीन वर्ष पहले भोजन त्यागने वाले श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर केस के पक्षकार दिनेश फलाहारी ने बताया कि पिछली डेट पर माननीय न्यायालय प्रयागराज द्वारा एएसआई को पार्टी बना लिया गया लेकिन मुस्लिम पक्ष सुप्रीम कोर्ट गया और उसने मांग की कि एएसआई को पार्टी नहीं बनाया जाए लेकिन सुप्रीम कोर्ट से मुस्लिम पक्ष को कोई राहत नहीं मिली। मंगलवार को हिंदू पक्ष की तरफ से श्री कृष्ण जन्म स्थान के मामले में राधा रानी को पार्टी बनाने के लिए प्रार्थना पत्र सुनवाई हुई, लेकिन सूट नंबर 7 के अधिवक्ता ने विरोध किया, इस प्रार्थना में पत्र कहा गया कि इस प्रकार तो राधा रानी को पार्टी बनाने के बाद फिर कृष्ण जी के



अन्य रिस्तेदार आ जाएंगे और कहेंगे कि हमको भी पार्टी बनाया जाय, इस तरह मामला आगे लंबा बढ़ता चला जाएगा। दोनों पक्षों को सुनने के बाद माननीय न्यायालय ने 23 मई की डेट लगा दी। न्यायालय ने आदेश रिजर्व रख लिया है। उन्होंने बताया कि मुस्लिम पक्ष के पास में कोई भी प्राचीन साक्ष्य नहीं है, मुस्लिम पक्ष केवल मामले को लटकाने का प्रयास करता रहता है।

श्री कृष्ण जन्म स्थान गेट नंबर 1 पर राष्ट्रीय महामंत्री अश्वनी शर्मा, विश्व हिंदू परिषद के वरिष्ठ नेता जयराम शर्मा, राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेश पाठक, प्रदेश अध्यक्ष गुंजन शर्मा,राष्ट्रीय मंत्री जमुना देवी शर्मा, प्रदेश महामंत्री राजेश चतुवेर्दी, महानगर अध्यक्ष नरेश ठाकुर, जिला महामंत्री राहुल गौतम, प्रदेश उपाध्यक्ष विनीत शर्मा, जिला मंत्री कन्हैयालाल कौशिक राजेश चतुवेर्दी शर्मा जमुना देवी, प्रदेश मंत्री रुचि सक्सैना आदि उपस्थित रहे।

# पानी चलाने को लेकर चाचा भतीजे में हुई मारपीट दोनों घायल



वेलकम इंडिया

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली में खेत पर पानी चलाने को लेकर दो भाइयों के बीच मारपीट हो गई मारपीट में दोनों और से लाठी डंडे चले जिसमें चाचा भतीजे गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों ने अपना-अपना मेडिकल परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी है। थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली निवासी असलम एवं खालिद दोनों भाई हैं। दोनों भाइयों के मुसतर के खेत हैं और खेत पर ट्यूबवेल भी लगी हुई है। मंगलवार को खेत पर नदीम पुत्र खालिद पानी चलाने के लिए गया था आरोप है कि तभी असलम व उसके पुत्र फैसल ने खालिद को पकड़ लिया और उसके साथ जमकर मारपीट करते हुए उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। दूसरे पक्ष असलम ने भी नदीम व उसके पिता खालिद पर मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है। परिजनों ने दोनों घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद नदीम को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। दोनों पक्षों ने अपना-अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद एक दूसरे के विरुद्ध थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी है।

# खाली पड़ी भूमि पर दो पक्षों ने जताया अपना हक, राजस्व विभाग ने की पैमाइश

वेलकम इंडिया

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला खेल में खाली पड़ी भूमि पर दो समुदाय के लोगों ने अपना-अपना हक जताते हुए भूमि स्थल पर हंगामा किया। मौके पर राज्स्व विभाग की टीम ने पहुंचकर भूमि की पैमाइश कर दोनों पक्षों के दस्तावेज देखें। भूमि का निपटारा नहीं होने पर टीम वापस लौट गई। कस्बे के मोहल्ला खेल में दलित बस्ती के समीप वर्षों से भूमि खाली पड़ी हुई है। उक्त भूमि पर दलित समाज के द्वारा दुर्गा माता का मंदिर स्थापित कर रखा है जिस पर दलित समाज के द्वारा पूजा अर्चना की जाती है। मंदिर के समीप पड़ी खाली भूमि पर कस्बा निवासी सनाउल्लाह बैग ने जिलाधिकारी शामली को शिकायती पत्र देकर बताया था कि दलित समाज के द्वारा उसके पुरखों की भूमि पर वर्षों से जबरन कब्जा कर मंदिर बना रखा है। मंगलवार को जिलाधिकारी के आदेश पर राजस्व



विभाग की टीम भूमि की पैमाइश करने के लिए पहुंची तो मौके पर दलित समाज के दर्जनों महिला,पुरुषों ने हंगामा खड़ा कर दिया। बसपा के पूर्व जिला अध्यक्ष देवीदास जयंत के द्वारा बताया गया कि उक्त भूमि दलित समाज की है जिस पर दलित समाज ने दुर्गा माता मंदिर बना रखा है और उस पर वर्षों से पूजार्चना करते हैं। और उक्त भूमि से रविदास जयंती की शोभायात्रा सहित अन्य पर्व से झांकियां निकाली जाती हैं। मुस्लिम पक्ष ने भूमि को अपना बताते हुए राजस्व विभाग को अपने दस्तावेज दिखाएं। भूमि की जांच करने पहुंची राजस्व विभाग की टीम ने भूमि की पैमाइश करते हुए दोनों पक्षों को भूमि संबंधित दस्तावेज लेकर उपजिला अधिकारी के समक्ष पेश होने के निर्देश दिए। इस दौरान भूमि पैमाइश के समय मौके पर भारी पुलिस बल भी मौजूद रहा।

# मीना बघेल ने शादी की वर्षगांठ पर स्कूल के छात्र-छात्राओं को चॉकलेट बिस्किट की वितरण



वेलकम इंडिया

नरौरा/ बुलंदशहर/प्राथमिक विद्यालय ढक नगला में समाजसेवी मीना बघेल पत्नी महेश बघेल ने अपनी शादी की वर्षगांठ के अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं को चॉकलेट बिस्किट वितरित कर शिक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए उनका मनोबल बढ़ाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की इस मौके पर प्राथमिक विद्यालय के समस्त स्टाफ ने मिलकर मीना बघेल को शादी की वर्षगांठ की बधाई देते हुए उनके लंबी दीघार्यु की कामना की।

## 09 मई को रोजगार मेले का आयोजन

**बुलन्दशहर।** जिला सेवायोजन कार्यालय, एवं मॉडल कॅरियर सेण्टर, बुलन्दशहर द्वारा दिनाँक 09-05-2025 को प्रात: 11:00 बजे रोजगार मेले का आयोजन जिला सेवायोजन कार्यालय, निकट विकास भवन, बुलन्दशहर में किया जा रहा है। रोजगार मेले में 04 निजी नियोजक प्रतिभाग करेंगें। नियोजकों द्वारा तकनीकी एवं गैर तकनीकी पदों हेतु हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, स्नातक एवं आई०टी०आई० उत्तीर्ण बेरोजगार छात्र/छात्राओं को लगभग 550 पदों हेतु साक्षात्कार के माध्यम से चयनित किया जाएगा। रोजगार मेले में सम्मिलित होने वाले बेरोजगार अभ्यर्थियों को सेवायोजन विभाग की वेबसाइट पर अपना पंजीयन कराना अनिवार्य है।

# छेड़छाड़ की शिकायत वापस नहीं लेने पर मारपीट,तीन घायल

वेलकम इंडिया

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू में छेड़छाड़ की शिकायत वापस नहीं लेने पर आरोपियों ने एक परिवार के घर में घुसकर महिलाओं सहित पुरुषों के साथ लाठी,डंडों से मारपीट कर दी। मारपीट में दो महिलाएं वह एक पुरुष घायल हो गया।घायलों ने अपना डाक्टरी परीक्षण करने के बाद थाने पर मारपीट के लाइव वीडियो और तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी है। थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी कुबरा पत्नी यामीन ने बताया कि सोमवार की देर शाम पड़ोसी युवक जुनैद ने उसकी पुत्री के साथ छेड़छाड़ करते हुए मारपीट की थी। पीड़ितों के द्वारा आरोपी की शिकायत गंगेरू पुलिस चौकी पर कर दी थी। आरोप है कि मंगलवार सवेरे आरोपियों ने पीड़ित के परिवार पर शिकायत



वापस लेने का दबाव बनाया जब पीड़िता ने शिकायत वापस नहीं ली तो आरोपियों ने घर में घुसकर लाठी-डंडों से जमकर मारपीट की। मारपीट में मंताशा, शौकिन,व कौसर, घायल हो गई। पायल पक्ष ने अपना मेडिकल परीक्षण कराने के बाद आरोपियों के द्वारा की गई मारपीट का लाइव वीडियो थाने पर उपलब्ध कराते हुए नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मामले में दूसरे पक्ष से महिला नफीसा पत्नी उस्मान ने भी छेड़छाड़ व मारपीट करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पुलिस ने जां कर कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

# हरियाणा बॉर्डर पर मारे गए युवक का गमगीन मोहल्ले में अंतिम संस्कार

वेलकम इंडिया

**कांधला।** मजदूरी कर घर लौट रहे युवक की हरियाणा पुलिस के द्वारा पीट-पीट कर की गई हत्या के मामले में गमगीन माहौल में युवक का अंतिम संस्कार कर दिया गया। जिससे बाद परिजनों ने मामले में सीबीआई जांच की मांग करते हुए उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र भेजकर कार्यवाही की मांग की है।

कस्बा निवासी अजब सिंह कश्यप के दो पुत्र अजय व विजय हरियाणा में शादी समारोह में मजदूरी करने के लिए गए हुए थे। आरोप है कि रविवार की देर शाम जब दोनों भाई वापस आ रहे थे टोल प्लाजा के समीप तीन पुलिसकर्मियों ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर दोनों भाइयों को रोक लिया और उन पर महिला को छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए मारपीट



की। मृतक के भाई अजय ने बताया कि वह किसी तरह उनके चुंगल से छुटकर आ गया था। पुलिस ने उसके भाई विजय को हिरासत में ले लिया था। आरोप है कि पुलिस ने रात भर उसके भाई अजय को थर्ड डिग्री देते हुए टॉर्चर किया और उसके साथ जमकर मारपीट की और उसके भाई की मौत हो जाने के बाद उसका शव यमुना नदी के समीप पुल के नीचे फेंक दिया था। सोमवार सवेरे युवक की मौत की जानकारी होने पर परिजन यमुना पुल पर पहुंचे और जमकर हंगामा करते हुए शव सड़क पर रखकर जाम लगा दिया था।

सूचना पर हरियाणा व यूपी पुलिस पहुंची और परिजनों को समझा बूझकर कार्रवाई का आश्वासन दिया और शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेजा था। सोमवार देर रात्रि पोस्टमार्टम से शव के आने के बाद मंगलवार की सुबह उसका गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया।

# घर में घुसकर किशोरी के साथ छेड़छाड़ के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

वेलकम इंडिया

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला खेल में नाबालिग किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी ओर उसके साथी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर पकड़े गए आरोपी को जेल भेज दिया है। पुलिस दूसरे फरार आरोपी की तलाश कर रही है।

कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी भूरा पुत्र हारून ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि सोमवार को पीड़ित की नाबालिग भतीजी अपने घर पर खाना बना रही थी। आरोप है कि इसी बीच पड़ोस के ही साहिब पुत्र महाराज व फिरोज पुत्र गफ्फार पीड़ित के घर में घुस गए और पीड़ित की भतीजी के साथ छेड़छाड़ करने लगे। पीड़ित की भतीजी ने विरोध किया तो आरोप है कि दोनों ने पीड़ित की भतीजी को मारपीट कर घायल कर दिया था। शोर शराबा होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए थे। पीड़ित ने थाने पर तहरी देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए साहिब को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस दूसरे फरार आरोपी की तलाश कर रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह का कहना है कि नाबालिग किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। शीघ्र ही फरार आरोपी को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

# सब एरिया कमांडर पहुंचे लालकुर्ती, कब्जा मुक्त भूमि को सुरक्षित रखने के लिए दिए निर्देश, शरारती तत्वों को करें चिंहित

उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार

**मेरठ।** अवैध डेयरीयो पर कार्रवाई के बाद कैंट बोर्ड ने अब कब्जा मुक्त भूमि को सुरक्षित करने के लिए की गई तारबंदी को हटाकर सीमेंटेड बाउंड्री वॉल बनाने के कार्य करना शुरू किया है हालांकि अवैध डेयरी संचालकों द्वारा सरकारी भूमि पर पुनः कब्जा बरकरार रखना की कोशिश में है लेकिन कैंट बोर्ड की टीम सक्रिय हैं भूमि सुरक्षित की तैयारी के बाद लोगों के हौंसले पस्त हो चुके है इन स्थानों पर कैंट बोर्ड कर्मचारी व लेबर बराबर निगरानी में लगी है वहीं आज मंगलवार को लालकुर्ती क्षेत्र का दौरा करने पहुंचे सब एरिया स्टेशन कमांडर के साथ में छावनी परिषद मुख्य अधिशासी अधिकारी जाकिर हुसैन, एई पीयूष गौतम व अन्य स्टाफ बकरी मौहल्ला घोसी मौहल्ला में पहुंचे। बता दें पिछले दिनों इन एरिया में लगभग एक दर्जन अवैध डेयरीयों को हटाया गया। जिसमें कई एकड़ भूमि को छावनी परिषद के द्वारा कब्जा मुक्त करवाया गया। मीडिया प्रभारी जयपालसिंह तोमर ने बताया स्टेशन कमांडर ने सीईओ के साथ बैठक कि तथा कब्जा मुक्त भूमि की सुरक्षा को लेकर कहा कैंट बोर्ड द्वारा इन स्थानों पर सौंदर्य करण की व्यवस्था की जायेगी जिससे इस क्षेत्र के बच्चों के लिए झुलें लगाने का प्रयास किया जाना प्रस्तावित है स्टेशन कमांडर ने अवगत कराया कि शरारती तत्वों को चिन्हित कर दण्डित किया जायेगा। आवश्यकता पड़ी तो निगरानी हेतु जवानों को भी क्षेत्र में उतारा जाएगा। कैंट बोर्ड प्रशासन का साफ कहना है कि डेयरी वाले अपने पशुओं को आबादी से तत्काल प्रभाव से छावनी क्षेत्र से हटा लें। यदि स्वयं पशुओं को बाहर नहीं किया गया तो जल्द ही पशुओं की धर-पकड़ का कार्य शुरू किया जाएगा।



# एडीजी ने मॉकड्रिल की तैयारी को लेकर किया निरीक्षण

वेलकम इंडिया

बुलंदशहर मंगलवार को मेरठ परिक्षेत्र के एडीजी भानु भास्कर ने देश भर में होने वाली मॉक ड्रिल को लेकर जनपद बुलंदशहर में इन्सपेक्शन किया उन्होंने एसएसपी ऑफिस के सभी कार्यालय का निरीक्षण करते हुए बताया कि आने वाले समय में मॉकड्रिल को लेकर क्या-क्या किया जाना है। हमारी जो नागरिक सुरक्षा की टीम है उनके साथ जो टीम है सभी के साथ व्यापक तैयारी पूरी कर मॉकड्रिल करेंगे और रिहर्सल करेंगे सभी पर बातचीत की गई है। नरौरा परमाणु केंद्र के प्रश्न पर भी उन्होंने कहा कि सभी जगह तैयारी चल रही है। इस मौके पर एसएसपी सहित अन्य पुलिस के अधिकारी भी मौजूद रहे।

# पत्रकारों का दल मुख्यमंत्री से मिला: रखी माँगें

वेलकम इंडिया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति के सचिव भारत सिंह के नेतृत्व में कल सोमवार को पत्रकारों का एक दल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से पांच कालिदास मार्ग स्थित मुख्यमंत्री निवास पर मिला। पत्रकारों से जुड़े कई विषयों पर मुख्यमंत्री से चर्चा हुई।

पत्रकारों के आवास व निःशुल्क चिकित्सा जैसे कुछ विषयों पर मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया गया। मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति के सचिव भारत सिंह ने पत्रकारों से जुड़ी समस्याओं के निराकरण हेतु मुख्यमंत्री को मांग पत्र सौंपा। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों के हितों से जुड़ी समसस्याओं के निराकारण का आश्वासन दिया। प्रदेश में वरिष्ठ पत्रकारों के लिए पेंशन योजना शुरू करने, पत्रकारों को अनुदान पर प्लाट और फ्लैट उपलब्ध कराने और एसजीपीजीआई में पत्रकारों के इलाज के लिए 25 लाख रुपए की धनराशि को बढ़ाकर 50 लाख कराने की मांग रखी गयी। इसके अलावा समाचार पत्रों की विज्ञापन दरें और विज्ञापन मान्यता समिति का भी गठन के लिए बात रखी गयी। इसके अलावा सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा विभिन्न श्रेणी के समाचार पत्र-पत्रिकाओं को विज्ञापन जारी किए जाते रहे हैं उनकी सूचीबद्धता एक निश्चित न्यूनतम दर पर की जाती है। अतः सूचीबद्धता हेतु समाचार पत्र की प्रसार संख्या, नियमितता तथा लोकप्रियता के आधार पर विज्ञापन दरें बढ़ाई जाएं। इसी क्रम में हम यह भी माँग करते हैं की प्रेस मान्यता समिति की भाँति विज्ञापन मान्यता समिति का भी गठन किया जाए। यह परम्परा पूर्व में रही है। फोटो जर्नलिस्ट के लिए विधायक निवास दारुलशफा ए ब्लॉक- 66 में आवन्टित कार्यालय किराया जमा कराकर उसकी मरम्मत एवं साज-सज्जा कराई जाए ताकि फोटो जर्नलिस्ट उक्त कक्षा का संक्षिप्त सदुपयोग कर सकें। इसके राज्य संपति विभाग के रिक्त करीब तीन दर्जन से अधिक आवासों को सम्मानित पत्रकारों को आवंटित करने की बात की गयी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री से मिलने वालों में वरिष्ठ पत्रकार गण बृजनन्दन राजू ने मुख्यमंत्री को स्वलिखित 'जनता सर्वोपरि' और 'स्वर्णिम भारत' की ओर पुस्तक भेंट की। भारत सिंह के नेतृत्व में सर्वेश सिंह, बृजनन्दन राजू, पदमाकर पाण्डेय, अरूणव सिन्हा, अनूप चतुवेर्दी, अशोक मिश्रा, सुरेश सिंह, डा. सत्येन्द्र त्रिपाठी, आशीष मौर्य और अनूप मिश्र मुख्यमंत्री से मिले।



## एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने पर गोल्डन गर्ल्स सुनैना बॉक्सर का ग्राम वासियों ने किया स्वागत



वेलकम इंडिया

**हांसी ।** जॉर्डन में आयोजित एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में गांव कुम्भा की सुनैना ने 61 किलो भार में सेमीफाइनल में यूक्रेन की खिलाड़ी सोफिया को 1-4 से व फाइनल में कजाकिस्तान की खिलाड़ी एलेन05-0 को से हराकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया जिस पर समस्त ग्राम वासियों ने सुनैना का बहुत ही भव्य रोड शो के माध्यम से स्वागत समारोह का आयोजन किया गया ।

ग्रामीणों में सैकड़ों ट्रैक्टर मोटरसाइकिल, गाड़ियों के साथ चांदी की गद्दा व मुकुट से फूल व नोटो की मालाओं से विभिन्न प्रकार के स्मृति चिन्ह है से गोल्डन गर्ल का स्वागत किया और इस गौरवमयी पल को ऐतिहासिक बनाने का काम किया रोड शो के दौरान विभिन्न सामाजिक संस्थाएं लोकहित मंच ,भारत विकास परिषद जेसीआई उम्मीद फाउंडेशन सहित शहर के गण मान्य व्यक्तियों ने भी गोल्डन गर्ल का स्वागत किया यह जानकारी देते हुए समाजसेवी नवीन कौशिक ने बताया सुनैना हांसी उपमंडल के गांव कुम्भा की निवासी है सुनैना के पिताजी सोनीपत में लिटिल एंजिल्स बॉक्सिंग अकादमी बॉक्सिंग अकादमी के कोच है जिन्होंने अपनी मेहनत और लगन से अपनी बेटी को इस काबिल बनाया और वह आज एक स्वर्ण पदक विजेता बनी ग्राम वासियों ने बहुत ही अपार जोश उमंग के साथ सुनैना का स्वागत किया और साथ ही उसके पिता में कोच रोहतास का भी भव्य स्वागत किया जो खुद भी एक बॉक्सर रहे हैं और उन्होंने बहुत ही अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अपनी कोचिंग में तैयार किए हैं और देश को दिए हैं जिन्होंने अपने काबिलियत का लोहा मनवाते हुए देश के लिए विभिन्न प्रकार के पदक प्राप्त किया ग्रामीणों द्वारा किए गए अद्भुत स्वागत समारोह से गदगद सुनैना ने और उसके पिता ने कहा कि मैं जिस तरह से आज ग्रामीणों ने मुझे मान सम्मान ग्राम वास समस्त ग्राम वासियों ने आसपास के गांव के लोगों ने मुझे जितना मान सम्मान ईतना अपार आशीर्वाद दिया है तो मैं आप सभी को विश्वास दिलाती हूं कि आने वाले भविष्य में मेरा अगला लक्ष्य जो होगा वह ओलंपिक में स्वर्ण पदक प्राप्त करने का होगा और मैं अपने गांव का अपने प्रदेश और देश का नाम रोशन करुंगी इस अवसर पर समस्त ग्राम आसपास के गांव के मुख्य व्यक्ति मौजूद रहे और उन्होंने सुनैना को आशीर्वाद दिया और उसके उज्जवल भविष्य की कामनाएं की और समस्त ग्राम वासियों ने इसे अपना गौरव माना और सुनैना को हर प्रकार से सहयोग का आश्वासन दिया और उसके पिता रोहतास में भी गांव में खेल और शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अपना संपूर्ण सहयोग देने का वादा क्या और ?100000 सहयोग बच्चों की शिक्षा में खेलों को बढ़ावा देने के लिए गांव को दिया।

## जिलाधिकारी जसजीत कौर ने प्रेमधाम मे लिफ्ट का फिता काटकर किया उद्घाटन

वेलकम महमूद रजा

जनपद बिजनौर नजीबाबाद प्रेम धाम में लिफ्ट का फीता काटकर किया उद्घाटन बिजनौर जिलाधिकारी जसजीत कौर निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत तहसील नजीबाबाद में हरिद्वार रोड स्थित प्रेमधाम आश्रम का भ्रमण किया गया।

जिलाधिकारी जसजीत कौर का दिव्यांग बच्चों ने बैंड और सलामी देकर स्वागत किया तथा आश्रम के मुख्य संचालक पादरी श्री शिब्बू एवं श्री बिन्नी द्वारा बुके देकर उनका अभिनंदन किया गया।



इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने अपने संबोधन में कहा कि प्रेम धाम आश्रम में जिस प्रकार मानवीय मूल्यों पर आधारित आत्मिकता, करूणा और दया भाव से दिव्यांग जनों की निःस्वार्थ रूप से सेवा की जा रही है, वह प्रशंसनीय, सराहनीय एवं अनुकरणीय है। उन्होंने आश्रम के प्रबंधन तंत्र को आश्वस्त करते हुए कहा कि उक्त संबंध में किसी भी समस्या के समाधान और सहयोग के लिए जिला प्रशासन सदैव तत्पर रहेगा। उन्होंने आश्रम में हर स्थान पर पाई जाने वाली स्वच्छता, प्रबंधन एवं व्यवस्था की खुले दिल से प्रशंसा करते हुए संचालकों को बधाई दी। जिलाधिकारी ने प्रेम धाम आश्रम की तीन मंजिला इमारत में दिव्यांग जनों की सुविधा के लिए स्थापित की गई नई लिफ्ट का फीता काट कर उद्घाटन किया और लिफ्ट द्वारा प्रथम तल पर अति दिव्यांग जनों को फल, कोल्ड ड्रिंक, बिस्कुट आदि पौष्टिक सामग्री पर आधारित किट का वितरण किया। आश्रम के संचालकों द्वारा इस अवसर पर जिलाधिकारी को दिव्यांग जनों के लिए बनाए गए।

## शादी से पहले दर्दनाक हादसे में दूल्हे की मौत, खुशियों का माहौल मातम में बदला

वेलकम इंडिया

**टाण्डा जिला रामपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के गांव हजरत नगर में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है, जहां 25 वर्षीय युवक योगेंद्र कुमार की शादी की खुशियां एक दर्दनाक सड़क हादसे में मातम में बदल गईं। मंगलवार सुबह गुरुद्वारे से लौटते समय सरकथल-दढ़ियाल रोड पर स्थित कॉलेज के पास एक तेज रफ्तार डंपर ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन और पुलिस मौके पर पहुंचे, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। योगेंद्र की बारात उसी दिन शाम को मुरादाबाद जनपद के गांव बुढ़ानपुर जानी थी। सोमवार को लगन समारोह संपन्न हुआ था और घर में शादी की तैयारियां जोरों



पर थीं। गुरुद्वारे से लौटते समय हुए इस हादसे ने पूरे परिवार और गांव को गहरे सदमे में डाल दिया। योगेंद्र तीन भाइयों में सबसे बड़ा था और उसकी एक बहन भी है। लड़की पक्ष में भी जैसे ही यह सूचना पहुंची, वहां भी मातम छा गया। जिस घर में बारात का इंतजार था, वहां सन्नाटा पसर गया। दूल्हे के स्वागत की तैयारियां अचानक अर्थी के समाचार में बदल गईं। यह हादसा न सिर्फ परिवार बल्कि पूरे गांव के लिए गहरा आघात बन गया। शाम को पोस्टमॉर्टम के बाद गमगीन माहौल में शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो का नशे के विरुद्ध अभियान

वेलकम इंडिया

**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा) :** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक श्री ओपी सिंह, भापुसे के दिशानिदेर्शों एवं पुलिस अधीक्षक श्री मोहित हांडा, भापुसे और पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुड़ी कुमार के नेतृत्व में नशे के विरुद्ध विभिन्न प्रकार के प्रकल्पों के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का अभियान चलाया गया है। इनमें मुख्य रूप से गाँव गाँव तक जागरूकता कार्यक्रम, नून लौटा, नुक्कड़ नाटक, बकेट चैलेंज और हृदय परिवर्तन के द्वारा लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा साइक्लोथॉन यात्रा



के समापन के पश्चात हरियाणा में 2000 से अधिक किलोमीटर की यात्रा करके आज कुरुक्षेत्र में पहुंचे और उन्होंने साइकिल चलाकर नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम किया। साइक्लोथॉन यात्रा के अंतर्गत पंचकूला प्रशासन द्वारा उन्हें एक साइकिल भेंट की गई थी जिसे उन्होंने आज कुरुक्षेत्र की सड़कों पर चलाया और शहर में युवाओं को नशे के विरुद्ध जागरूक किया। पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजग ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी सदैव साइकिल के साधन का प्रयोग करते हैं।

## नालियों के गंदे पानी व गंदगी से होकर स्कूल जाने के लिए मजबूर नन्हे नन्हे मासूम विद्यार्थी व आमजन

वेलकम इंडिया

ककोड/सिकंदराबाद विधानसभा क्षेत्र के गांव बैर से अरोड़ा मार्ग जिस पर दो स्कूल प्रिया पब्लिक स्कूल व आदर्श जनता जूनियर स्कूल स्थित हैं यह वह मुख्य रास्ता है जो गांव बैर से अरोड़ा निठारी चोला होते हुए बुलंदशहर को जोड़ता है।इस रास्ते की यथा स्थिति हमेशा इसी प्रकार बनी रहती है बारिश हो तो थोड़ा ज्यादा हो जाता है बारिश नहीं हो तो फिर भी यहां पर पानी भरा रहता है। स्कूल की तरफ जाने वाले बच्चे व अन्य गांवों को जाने वाले जनता इसी।पानी से होकर गुजरती है कारण नालियों की सफाई न होना।जिसकी नालियों में मिट्टी जमा होना ओवरफ्लो होकर अपनी रास्ते में भर जाना जहां तक बात करें ग्राम प्रधान की तो इस रास्ते की व्यवस्था



देखी जाए तो मात्र कदमों पर ग्राम प्रधान का आवास स्थित है लेकिन किसी का भी इस पर कोई ध्यान नहीं जा रहा है लगातार ग्रामीण इसकी सफाई के लिए ग्राम प्रधान से संपर्क कर रहे हैं। गांव निवासी मुस्तकीम ने बताया कि में कई बार ग्राम प्रधान के पास इस समस्या को लेकर गया हूं लेकिन इस पर अभी तक भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है वहीं विनोद भाटी व रविंद्र भाटी मनवीर शर्मा अन्य लोगों ने इस समस्या की शिकायत कई बार की है लेकिन अभी तक भी कोई शिकायत का समाधान नहीं हुआ है।

## अपने जीवन का एक लक्ष्य बनाये और उसी लक्ष्य के अनुरूप निरंतर मेहनत करें: मुजीबुल्लाह

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** सोमवार को विकास खंड सेमरियावां के सनाबिल गर्ल्स इंटर कालेज रसूलपुर मूड़ाडीहाबेग में पुरस्कार वितरण व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान टॉप करने वाली छात्राओं को नकद राशि भी प्रदान की गई। सेमरियावा ब्लाक के सनाबिल गर्ल्स इंटर कालेज रसूलपुर मूड़ाडीहाबेग में पुरस्कार वितरण व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नेशनल इंटर कॉलेज मूडाडिहा बेग के प्रधानाचार्य मुजीबुल्लाह ने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिये कड़ी मेहनत जरूरी है अपने जीवन का एक लक्ष्य बनाये और उसी लक्ष्य के अनुरूप निरंतर मेहनत करें।



शिक्षा के बिना कामयाबी की उम्मीद नहीं की जा सकती। इस दौरान उन्होंने कई कहानियाँ सुनाकर विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिये प्रेरित किये।

विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश मंत्री व एएच एग्री. इंटर कालेज उजियार दुधारा के प्रधानाचार्य संजय द्विवेदी ने कहा कि बच्चे की सफलता में शिक्षक, विद्यार्थी और अभिभावकों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। आज बच्चों में जिस तरह नशे की लत बढ़ रही है यह चिंता का विषय है। इसके खिलाफ हमें अभियान चलाना होगा। उन्होंने कहा कि बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिये सम्मिलित प्रयास करना है। उन्होंने सफल विद्यार्थियों को शुभकामनायें भी दीं।

समारोह को जिला पंचायत सदस्य कायनात फातिमा, मुहम्मद अहमद, संस्थापक हाजी मुहम्मद सलीम ने भी सम्बोधित किये। समारोह में टॉप करने वाली छात्राओं को सम्मानित राशि दे कर उनका हौसला बढ़ाया गया। प्रबंधक मोहम्मद आसिम, रिजवान मुनीर, हाफिज मोहम्मद कासिम, मोहम्मद सालिम प्रबंधकब अरउएठळ पब्लिक स्कूल, मुजीबुर्रहमान कासमी, अनस नदवी, अबुजर चौधरी, तनवीर चौधरी, मोहम्मद अनश नदवी, हुजैफा, रिजवान मुनीर, शोऐब अहमद, परवेज अहमद, मौजूद रहे। अफजलूद्दीन ने समारोह का संचालन किया। उमसा खातून टॉपर को 20 हजार +ट्रॉफी+मेडल आदि रहे।

## रजबन क्षेत्र के झुग्गी झोपड़ियों में चल रहा नशे का कारोबार, नारकोटिक्स विभाग बेखबर

उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार

**मेरठ।** सदर बाजार क्षेत्रांतर्गत कैंट स्थित रजबन में अवैध झुग्गी झोपड़ियों में नशे का कारोबार तेजी से फल फूल रहा है। लेकिन अवैध के चलते नारकोटिक्स विभाग ही नहीं थाना पुलिस भी आंख मूंदे है। स्थानीय क्षेत्र के सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों व वरिष्ठ नागरिकों से मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र में ड्रग्स माफिया द्वारा नई पीढ़ी को नशे का आदि बनाया जा रहा है सदर बाजार क्षेत्रांतर्गत रजबन टंडेल मौहल्ला में नशा माफिया खुले आम सड़कों पर ड्रग्स बेचने के लिए महीलाओं व नाबालिग बच्चों को नशे के धंधे में धकेलने में जुटे हैं।ड्रग्स माफियाओं का नेटवर्क इस क्षेत्र में



कुछ ही समय में बड़ी तेजी से फैला है इसके आस-पास इंग्लिश मीडियम स्कूलों की बड़ी श्रंखला है। वहीं दूसरी तरफ अंधेरा होते ही शराब, कवाब के ठेले सड़कों व पार्कों के किनारे लग जाते हैं और खुले रोड पर शराब का सेवन किया जाता है। और सुबह तमाम गंदगी के ढेर छोड़ दिए जाते हैं। ये लोग पुलिस को कैंट बोर्ड की पर्ची दिखा कर परमिशन की बात कहते है। रजबन पुलिस चौकी प्रभारी श्रीमती निर्मला सिंह ने बताया टैंडैल मौहल्ला में नशे धंधे की सूचना पर उनके द्वारा तत्काल कार्यवाही की जाती है कुछ लोगों को जेल भी भेजा गया है फिलहाल वह बड़ी मछली की तलाश में हैं। वहीं उन्होंने आम जन से अपील की है कि नशा माफिया की कमर तोड़ने के लिए पुलिस का सहयोग करें*। बता दें दस वर्ष पूर्व कैंट एएसपी अभिषेक सिंह ने नामी ड्रग्स माफिया तस्लीम के ठिकानों पर रेड मारकर ध्वस्त किया था। बीते सालों में अवैध नशा खोरों के विरुद्ध छावनी परिषद टीम फौज के साथ मिलकर कैंट के इलाकों में सघन अभियान देर रात में चलाया जाता था। लोगों ने कहा कैंट बोर्ड एक बार फिर रात में लगने वाले ठेलों के विरुद्ध अभियान चलाया जाये।

जबकि सीएम योगी ने नशा कारोबारियों के खिलाफ कठोर कर्रवाई के निर्देश दिए हैं अवैध शराब तथा ड्रग के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में सीएम योगी आदित्यनाथ खुद समीक्षा कर चुके हैं समीक्षा में सीएम योगी आदित्यनाथ ने ड्रग माफिया को क्रिमिनल ऑफिंस नहीं बल्कि राष्ट्रीय अपराध की तरह कार्रवाई के निर्देश दिए।

# एनवायरमेंट क्लब के आधा ग्लास काफी है अभियान का शुभारंभ

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** एनवायरमेंट क्लब जो कि बीते पाँच वर्षों से मोदीनगर, मुरादनगर व गाजियाबाद क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण हेतु सक्रिय रूप से जमीनी स्तर पर कार्य कर रहा है और मुख्य रूप से युवाओं को साथ लेकर पर्यावरण की सुरक्षा के लिए जागरूकता फैला रहा है ने जल संरक्षण हेतु नए अभियान को शुरू किया है। क्लब ने अपनी पानी की बात मुहिम के तहत आधा ग्लास काफी है अभियान को शुरू किया, जिसका शुभारंभ जिलाधिकारी गाजियाबाद आईएएस दीपक मीणा ने अपने कार्यालय पर किया। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने अभियान के आधिकारिक लोगों को लॉन्च कर क्लब टीम के साथ अभियान का शुभारंभ किया।इस अभियान के माध्यम से क्लब लोगों को अपने जल जागरूकता कार्यक्रमों में जितनी जरूरत हो उतना ही पानी ग्लास में लेने के लिए प्रेरित करेगा। क्लब संस्थापक सावन कनौजिया ने बताया कि अधिकतर ऐसा होता है कि हमें प्यास आधे गिलास पानी की ही होती है लेकिन आदतन हम एक ग्लास ही मांगते या लेते हैं और केवल आधा गिलास पानी पीने से बचा हुआ आधा क्लास का पानी अनुपयोगी हो जाता है जिससे दिनभर में कई लीटर पानी का अपव्यय होता है। लोगों को गहराते जल संकट के बारे में बताया जाएगा और पानी का सोच समझकर इस्तेमाल करने के लिए भी जागरूक किया जाएगा। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने क्लब के इस अभियान की मुक्तकंठ से प्रशंसा की और जिला प्रशासन की ओर से सहयोग का भी आश्वासन दिया। अभियान के लॉन्चिंग में क्लब संस्थापक सावन कनौजिया, टीम कार्यक्रम समन्वयक मनीष राठौर, सह समन्वयक उत्कर्ष शर्मा, शिवेश चौधरी और लक्ष्य निचंत मौजूद रहे।

# चौधरी अजीत सिंह की पुण्यतिथि पर दी भावभीनी श्रद्धांजलि

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**नूरपुर :** पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय चौधरी अजीत सिंह की चौथी पुण्यतिथि पर ब्लॉक रोड स्थित कार्यालय पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चौधरी अजीत सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम के दौरान रालोद के क्षेत्रीय महासचिव चौधरी अजयवीर सिंह एडवोकेट ने कहा कि चौधरी अजीत सिंह केंद्र सरकार में मंत्री पद पर रहते हुए हमेशा किसानो, दलित, अल्पसंख्यक एवं कमजोर वर्ग के लिए कार्य और संघर्ष करते रहे। चौधरी साहब बेदाग छवि, सुलझा हुआ नेतृत्व एवं सरल व्यक्तित्व के धनी थे। जिनका राजनीति एवं शिक्षा के क्षेत्र में वर्चस्व रहा है। इस मौक पर रालोद के क्षेत्रीय महासचिव चौधरी अजयवीर सिंह एडवोकेट, सरदार रविंदर सिंह, चौधरी बागेश सिंह, उमेश त्यागी, अर्पित त्यागी आदि लोग मौजूद रहे।

# आमजन को जल्द मिलेगा ऑडिटोरियम का लाभ



वेलकम इंडिया

**बागेश्वर,गोविन्द मेहता,** कई वर्ष पूर्व बने ऑडिटोरियम भवन में अब सभी प्रकार की सुविधाएं मुहैया कराने के लिए निर्माण कार्य तेज हो गया है। अब जल्द जिलेवासियों को ऑडिटोरियम सुविधा का लाभ मिल पाएगा। जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने मंगलवार को विकास भवन के समीप संस्कृति विभाग द्वारा 1.85 करोड़ ( एक करोड़ पिचासी लाख) की लागत से निर्मित हो रहे ऑडिटोरियम का निरीक्षण किया। यह परियोजना काफी समय से लंबित थी। लेकिन जिलाधिकारी के सतत प्रयासों और प्रभावी निगरानी के चलते अब यह कार्य अपने अंतिम चरण में पहुँच चुका है।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता और व्यवस्थाओं का सूक्ष्म अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने दर्शक दीर्घा, मंच निर्माण और अन्य कार्यों की गहन समीक्षा की। निर्माण सामग्री की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए उन्होंने निर्देशित किया कि केवल उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री का ही प्रयोग किया जाए। नव स्थापित साउंड सिस्टम का ट्रायल लेकर उसकी गुणवत्ता भी परखी गई। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए कि समस्त कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्रता से पूर्ण किया जाए, ताकि यह आधुनिक सांस्कृतिक मंच जल्द से जल्द आमजन के लिए उपलब्ध हो सके। उन्होंने मंच की मजबूती, दर्शकों के बैठने की सुविधाजनक व्यवस्था और समग्र सौंदर्य पर भी जोर दिया। इस दौरान निरीक्षण में तहसीलदार दलीप सिंह, जिला सूचना अधिकारी आदि मौजूद थे।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजीत सिंह की चौथी पुण्यतिथि पर हवन कर दी श्रद्धांजलि

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद,( अनिल वशिष्ठ)।** राष्ट्रीय लोकदल के जिला कार्यालय मेरठ रोड पर पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजीत सिंह की चौथी पुण्यतिथि के मौके पर राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकताओं में हवन कर चौधरी अजीत सिंह को श्रद्धांजलि दी । श्रद्धांजलि सभा के बाद राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय जयंत चौधरी जी के निर्देश पर पार्टी कार्यालय पर सदस्यता अभियान चलाया गया। जिसमें सैकड़ो लोगों ने राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ली । कार्यक्रम का संचालन अरुण चौधरी भुल्लन ने किया । इस मौके पर मौके पर जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी चौधरी , तेजपाल सिंह , एडवोकेट अय्यूब अली , चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी , अजय पाल प्रमुख ,एडवोकेट अजय वीर सिंह , अरुण चौधरी भुल्लन,सत्येंद्र तोमर,हिमांशु नागर,राम भरोसे लाल मोरिया,ओ डी त्यागी,अमित त्यागी,सुमन चौधरी, राखी संधू , रेखा चौधरी , रवि वाल्मीकि , मनोज राठी, प्रेम सिंह यादव, तुषार बंसल, करण एडवोकेट, नरेंद्र गौतम,विनोद गौतम , रामकुमार पवार ,सतपाल चौधरी, दीपक चौधरी,दीपू शर्मा, रजत धीमान, उम्मीद भांबरीक,तेजवीर दबाना,आजाद शमशेर प्रदीप मुखिया पूनम गर्ग जी फहीम फरीदनगर वेद प्रकाश प्रजापति विनोद कुमार ,उपेंद्र चौधरी , अवनीश त्यागी, सुरेंद्र पाल, मोहम्मद कैफ,सुंदर तेवतिया, डॉ राजेंद्र चंदेला,किशन सिंह राघव, हरिदत कसना,आकाश शर्मा , अजीत मालिक,अक्षित त्यागी,कुणाल चौधरी आदि लोग उपस्थित रहे।

# स्वर्गीय चौधरी अजीत सिंह को श्रद्धांजलि दी



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजीत सिंह की चौथी पुण्यतिथि पर गांव खंजरपुर में अजीत के मकान पर स्वर्गीय चौधरी अजीत सिंह को श्रद्धांजलि दी। बिट्टू खंजरपुर पप्पू चंद्र बोस हरवीर सिंह मालू पंडित जी दिनेश जितेंद्र प्रमोद कुमार अजीत सुरेंद्र पाल विराट सांगवान अनिल परवीन अजय बबलू आदि लोग मौजूद थे।

# जीवन आशा हॉस्पिटल में भव्य मंगल प्रवेश मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन 7 मई से 20 मई तक

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** सौरभ सागर सेवा संस्थान गाजियाबाद द्वारा जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी जी के ज्ञान कल्याणक महोत्सव के शुभ अवसर पर जैनाचार्य गुरुदेव श्री सौरभ सागर जी महाराज का श्री दिगम्बर जैन मंशापूर्ण महावीर क्षेत्र, जीवन आशा हॉस्पिटल ग्राम डिडोली, गंग नहर, मुरादनगर, गाजियाबाद में भव्य मंगल प्रवेश मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन 07 मई से 20 मई तक होगा। प. पू. संस्कार प्रणेता ज्ञानयोगी जीवन आशा हॉस्पिटल प्रेरणास्त्रोत आचार्य श्री 108 सौरभ सागर जी महाराज के पावन सानिध्य में 07 मई से 20 मई तक होने जा रहे भव्य मंगल प्रवेश मांगलिक कार्यक्रम में प्रातः 5 बजे सुप्रभात भक्ति,प्रातः 6:30 बजे - मूलनायक भगवान का अभिषेक, शान्तिधारा एवं श्री मंशापूर्ण महावीर विधान,प्रातः 8:30 बजे -आचार्य श्री के मंगल प्रवचन, प्रातः 9:30 बजे -आचार्य श्री की आहारचार्य,दोपहर 3:00 बजे - शंका समाधान,शाम 6:00 बजे - संगीतमय गुरु भक्ति,रात्रि 7:30 बजे - श्री मंशापूर्ण महावीर भगवान की महाआरती, रात्रि 8:00 बजे - आदि कार्यक्रम होंगे। इसके अलावा जीवन आशा हॉस्पिटल एवं पुनर्वास केंद्र के छठवें स्थापना दिवस पर मंगलवार, 20 मई 2025 को कैंसर उपचार हेतु जीवन आशा कीमो थेरेपी सेंटर का लोकार्पण किया जाएगा।

# एसडीएम ने तीन संग्रह अनु सेवकों को किया सस्पेंड मचा हड़कंप जांच जारी

वेलकम इंडिया



**बुलंदशहर** शिकारपुर एसडीएम का फर्जी वाडे पर चला हंटर एसडीएम ने तीन संग्रह अनु सेवकों को किया सस्पेंड। संग्रह अनु सेवको के दस्तावेजों में हेराफेरी पाये जाने के मामले में की गई कार्रवाई। वही इन तीनों के साथ साथ करीब आधा दर्जन सीजनल चपरासियों को भी दिखाया बाहर का रास्ता। सूत्रों के हवाले से खबर अभी और भी हो सकती है एसडीएम के द्वारा बड़ी कार्रवाई। एसडीएम ने इस मामले को लेकर मीडिया को बताया है कि अभी तीन लोगों के खिलाफ कार्यवाही की गई है जांच जारी है। एसडीएम की कार्रवाई से संग्रह अनुसेवको में मचा हुआ है हड़कंप। आखिर इतने लंबे समय से किसकी सह पर चल रहा था फजीर्वाडा। काफी लंबे समय से फर्जी दस्तावेजों के द्वारा पा रहे थे सरकार से तनख्वाह। अचानक फजीर्वाडे का खुलासा होने पर सभी संग्रह अनु सेवको की सांसे अटकी हुई है।शिकारपुर एसडीएम दीपक कुमार पाल ने फर्जी वाड़े को लेकर की गई बड़ी कार्रवाई विभाग में मची हुई है खलबली एसडीएम दीपक कुमार पाल ने बताया है कि अभी तीन लोगों को सस्पेंड किया गया है जिसमें इलियास योगेश शर्मा लक्ष्मण शामिल है अभी इस मामले की जांच नायब तहसीलदार द्वारा जारी हैं। जांच में और भी कोई तथ्य निकल कर सामने आएंगे उनके आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

# कंपोजिट विद्यालय में शुरू हुई ग्रीष्म कालीन रामायण अभिरुचि कार्यशाला



वेलकम इंडिया

**मिजार्मुराद।** मिजार्मुराद स्थित कंपोजिट विद्यालय में मंगलवार को ग्रीष्मकालीन रामायण अभिरुचि कार्यशाला का भव्य उद्घाटन हुआ। उत्तर प्रदेश सरकार की संस्था अंतर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान अयोध्या संस्कृति विभाग की थीम पर कंपोजिट विद्यालय मिजार्मुराद आराजी लाइन वाराणसी के उद्घाटन सत्र पर मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाउपाध्यक्ष संजीव सिंह गौतम, मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी आराजी लाइन शशिकांत श्रीवास्तव और विशिष्ट अतिथि आनंद कुमार सिंह जिला महामंत्री राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने राम दरबार पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत किये। मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी आराजी लाइन शशिकांत श्रीवास्तव ने इस कार्यशाला के रूपरेखा की सराहना की साथ ही विद्यालय के समस्त शिक्षकों से रामचरितमानस गान एवं वाचन कार्यशाला में प्रतिभाग करने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा रामचरितमानस एक महाकाव्य है जिससे हमें नैतिक बलों के उत्थान में मदद मिलती है। रामचरितमानस हमें हमारे जीवन में सही रास्ता चुनने में मदद करता है। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि पूर्व जिला उपाध्यक्ष संजीव सिंह गौतम ने कहा राम कथा में पिता पुत्र के संबंध की ऊंचाई, भाई-भाई के बीच प्रेम, समाज के पिछड़े वर्ग के प्रति जिम्मेदारी सम्मान, समानता। दुश्मन की घोर अनैतिकता के बाद नैतिकता का साथ न छोड़ना इत्यादि सिखाया जाता है। विशिष्ट अतिथि आनंद कुमार सिंह ने कहा यह कार्यक्रम लोगों में जागरूकता फैलाएगा और ग्रास रूट लेवल पर परिषदीय बच्चों के दिमाग में एक अच्छी छवि नैतिक बलों की बनेगी। बच्चों को रामायण की कहानी एवं उसके पात्रों और मूल्यों के बारे में सिखाया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में एडूलीडर्स वाराणसी के जिला एडमिन संजीव त्रिपाठी ने सभी अतिथि गणों , विद्यालय के प्रधानाध्यापिका सहित समस्त अध्यापकों कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। सह प्रशिक्षक ऋषि मिश्रा एवं सह प्रशिक्षिका अंजनी वर्मा इस दौरान उपस्थित रहीं ।

# हरियाणा में अग्रकेसरी सम्मान से सम्मानित हुए बागपत के विपुल जैन

वेलकम इंडिया

**सोनीपत, हरियाणा।** अग्रवंशीयों के प्रमुख धामों में शुमार श्री अग्रसेन धाम कुंडली द्वारा इंटरनेशनल अवार्डी, महामहिम राष्ट्रपति भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन बागपत को एक भव्य कार्यक्रम में अग्रकेसरी सम्मान से सम्मानित किया गया। विपुल जैन को श्री अग्रसेन धाम कुंडली प्रबन्ध समिति ने माला, पटका व पगड़ी पहनाकर व प्रतीक चिन्ह देकर अग्रकेसरी सम्मान से सम्मानित किया। विपुल जैन को यह सम्मान वैश्य समाज के जनक, वेदों, शास्त्रों व अस्त्र-शस्त्रों के महान ज्ञाता, महाबलशाली, अहिंसा के पुजारी, शांति के दूत सूर्यवंशी महान सम्राट महाराजा अग्रसेन जी की शिक्षाओं के प्रचार-प्रसार व समाज में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रदान किया गया। विपुल जैन ने अग्रकेसरी सम्मान से सम्मानित करने के लिए अग्र केसरी महाकुटुंब अन्तर्राष्ट्रीय ट्रस्ट के राष्ट्रीय चेयरमैन जगदीश राय गोयल, राष्ट्रीय संस्थापक व अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल, राष्ट्रीय वाईस चेयरमैन टीका राम मित्तल, राष्ट्रीय महामंत्री अनिल गोयल, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष दीपक मंगला, राष्ट्रीय संगठन मंत्री राजेश गोयल व वीरेन्द्र बंसल सहित समस्त प्रबन्धन समिति का आभार व्यक्त किया। विपुल जैन ने कहा कि मेरी इस उपलब्धि में वे सभी महान लोग बराबर के साझेदार है, जिनके सहयोग, आशीर्वाद और प्रार्थनाओं से वर्ष 2023-2024 में मुझे नवजीवन प्राप्त हुआ है। विपुल जैन ने कहा कि सूर्यवंशी महान सम्राट महाराजा अग्रसेन भगवान श्री राम के वंशज थे और अपने युग के सबसे शक्तिशाली सम्राट थे। उनका महान व्यक्तित्व और उनके द्वारा दी गयी शिक्षाए समाज, देश व विश्व के लिए अमूल्य है। इस अवसर पर दिल्ली विधान सभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता, सोनीपत के नवनिर्वाचित मेयर राजीव जैन, महामंडलेश्वर नर्मदा शंकर पुरी जी, आचार्य विवेक मुनि, पूर्व विधायक महेंद्र गोयल, दिल्ली अग्रोहा विकास ट्रस्ट के अध्यक्ष नन्द किशोर अग्रवाल, दिल्ली के पूर्व उप महापौर ताराचंद बंसल, संरक्षक वीरेंद्र बंसल, उपाध्यक्ष अतुल सिंघल सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित थे।



# जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति एवं जिला निगरानी समिति की बैठक आयोजित

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी श्री दीपक मीणा की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति एवं जिला निगरानी समिति की बैठक आहूत हुई।

बैठक के दौरान स्वास्थ्य विभाग व जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा पीपीटी के माध्यम से जिलाधिकारी महोदय को कार्यो की प्रगति की ? रिर्पोट प्रस्तु ?त की गई। जिलाधिकारी महोदय द्वारा सभी अधिकारियों, डाक्टर्स, कर्मचारियों को निर्देशित किया ?गया कि अपने दायित्वों के प्रति पूरी कत्तर्व्यनिष्ठा व ईमानदारी रखें। उन्होने कहा कि अस्पतालों/कार्यालयों में साफ–सफाई, स्टॉक की उपलब्धता, मेन्टेन्स, स्टाफ की व्यवस्था, रजिस्ट्रों का रखरखाव सहित अन्य बिन्दुओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होने निर्देशित किया कि मुख्य विकास अधिकारी या सिटी मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में सभी एमओआईसी के साथ सप्ताह में दो दिन शनिवार व बुधवार को जूम पर बैठक आहूत की जाएं। जिसमें सभी एमओआईसी अपने टीकाकरण के कार्यों की पूर्ण रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिनव गोपाल, सीएमओ श्री अखिलेश मोहन, जिला कार्यक्रम अधिकारी शशि वार्ष्णेय, बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री ओपी यादव, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.आरके गुप्ता, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य नगर निगम, नगर पालिका एवं समिति से सम्बंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# महापौर को पत्र लिखकर पार्षद ने की सीएनडीएस कार्य में दो अहम परियोजनाएं जोडे की मांग

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। शहर में चल रहे विकास कार्यों को लेकर जनप्रतिनिधियों ने अब सक्रियता बढ़ा दी है। इसी क्रम में कौशांबी वार्ड-72 की पार्षद कुसुम मनोज गोयल ने महापौर सुनीता दयाल को एक पत्र लिखते हुए बृज विहार से यूपी गेट तक बनाए जा रहे नाले के निर्माण कार्य की सराहना के साथ कुछ और महत्वपूर्ण क्षेत्रों को इसमें जोडे की मांग की है। पार्षद कुसुम गोयल ने अपने पत्र में उल्लेख किया कि इस समय बृज विहार से यूपी गेट तक नाले का निर्माण कार्य सीएनडीएस (सेंट्रल डिवीजनल नाला सिस्टम) द्वारा कराया जा रहा है, जो न केवल अत्यंत आवश्यक था, बल्कि बेहद गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नाला कच्चा होने के कारण अब तक उसका पानी जमीन में रिसकर भूमिगत जल को दूषित कर रहा था। लेकिन इस निर्माण कार्य के पूर्ण होने के बाद बहाव सुगम होगा और जल प्रदूषण पर भी प्रभावी नियंत्रण संभव हो सकेगा। हालांकि, पार्षद ने यह बताया कि इस योजना में दो अत्यंत आवश्यक क्षेत्रों को शामिल नहीं किया गया है, जिससे भविष्य में समस्याएं बनी रह सकती हैं। उन्होंने लिखा कि कौशांबी स्थित यसोदा अस्पताल से अंसल मॉल तक का जो नाला है, उसे भी इस निर्माण परियोजना में शामिल किया जाना चाहिए था। यह क्षेत्र जल निकासी की दृष्टि से अति संवेदनशील है और यदि इसे नजर अंदाज किया गया तो नाले के अधूरेपन की वजह से जलभराव और गंदगी की समस्या बनी रहेगी। इसके अतिरिक्त, वैशाली सेक्टर-1 और 2 को जोडे वाली पुलिया की स्थिति पर भी पार्षद ने चिंता जाहिर की है। उन्होंने बताया कि यह पुलिया सिंगल लेन की है, जबकि इसे जोड ? वाली सड़क डबल लेन है। इसी मार्ग पर स्थित मैक्स हॉस्पिटल और चार बड़े स्कूलों की वजह से ट्रैफिक का दबाव अत्यधिक रहता है। यूपी गेट से प्रवेश करने पर यह मार्ग गाजियाबाद की ओर जाने वाला पहला मुख्य मार्ग है, और पुलिया संकरी होने के कारण यहां हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है। पार्षद गोयल ने महापौर से मांग की है कि उक्त दोनों लंबित कार्यों को भी वर्तमान नाला निर्माण परियोजना में शामिल किया जाए और इन्हें भी सीएनडीएस के माध्यम से जल्द से जल्द कराया जाए, जिससे क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके और क्षेत्र की बुनियादी संरचना और अधिक मजबूत हो।

## धारदार हथियार से युवक पर हमला

गाजियाबाद। निवाड़ी थानाक्षेत्र के गांव सारा में मामूली बात को लेकर धारदार हथियार से वार कर एक युवक को गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। गांव सारा निवासी राहुल सैनी रविवार रात को किसी काम से बाजार जा रहा था। जब वह बीच रास्ते पर पहुंचा तो गांव निवासी जितेन्द्र से विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि जितेन्द्र ने धारदार हथियार से वार कर राहुल को गंभीर रूप से घायल कर दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने राहुल को अस्पताल में भर्ती कराया।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजित सिंह को रालोद नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

**गाजियाबाद**। मेरठ रोड स्थित रालोद कार्यालय पर मंगलवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजित सिंह की पुण्यतिथि पर पार्टी नेताओं ने श्रद्धांजलि दी। रालोद नेताओं ने चौधरी अजित सिंह के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। पार्टी जिलाध्यक्ष रामपाल चौधरी ने बड़ी संख्या में लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस मौके पर अमरजीत सिंह बिड्डी, अरुण चौधरी भुल्लन, तेजपाल सिंह, अय्यूब अली, अजयपाल प्रमुख, अजयवीर सिंह, सत्येंद्र तोमर, राखी संधू और रेखा चौधरी आदि मौजूद रहे।

## महिला के खाते से 12 हजार रुपये की ठगी

**मोदीनगर**। कस्बा पतला निवासी एक महिला से साइबर ठगों ने जानकारी लेकर उनके खाते से 12 हजार रुपए निकाल लिए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कस्बा पतला निवासी मीनाक्षी ने निवाड़ी थाने में तहरीर देकर बताया कि उनके पास एक युवक का फोन आया और उसने अपने आप को अधिकारी बताया। इसके बाद उसने जानकारी लेकर खाते से 12394 रुपये निकाल लिए।

## पुराने नाले में जोड़ा जा रहा नई कॉलोनियों का गंदा पानी, विक्रम एंक्लेव और आसपास के क्षेत्रों में पलायन की नौबत

**गाजियाबाद**। नगर निगम द्वारा विक्रम एंक्लेव क्षेत्र में बनाई जा रही नई नाली व्यवस्था से स्थानीय नागरिकों की परेशानियां बढ़ गई हैं। नगर निगम गाजियाबाद की ओर से अजंतापुरम, गौर एयरो सिटी और सिकंदर एयरपोर्ट जैसे नए क्षेत्रों की जल निकासी के लिए एक नया नाला बनाया जा रहा है, जिसे वजीराबाद मुख्य जीटी रोड को पार कर 30 वर्ष पुराने विक्रम एंक्लेव के 80 फुट रोड स्थित नाले से जोड़ा जा रहा है। इस प्रस्तावित योजना का क्षेत्र के निवासी और आरडब्ल्यूए अध्यक्ष नरेंद्र बघेल विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि यह पुराना नाला पहले से ही अत्यधिक गंदगी और जलभराव से जूझ रहा है। बरसात के समय यह ओवरफ्लो हो जाता है, जिससे घरों और बेसमेंट में गंदा पानी भर जाता है। यदि इसमें नई हाईराइज सोसायटियों और कालोनियों का सीवर और गंदा पानी जोड़ा गया, तो स्थिति पूरी तरह बेकाबू हो जाएगी। डॉक्टर हेडगवार सोसायटी, विक्रम एंक्लेव, छावड़ा कॉलोनी और पप्पू कॉलोनी के निवासियों ने बताया कि पहले ही बारिश के मौसम में गंदा पानी घरों में घुस जाता है। इससे डेंगू, मलेरिया, दस्त जैसी बीमारियां फैलने का खतरा बना रहता है। अब यदि नए क्षेत्रों का गंदा पानी इसी नाले में जोड़ा गया तो लोग मजबूरन अपने घर छोड़कर पलायन करने को विवश हो जाएंगे।

## 07 मई को होगा आपातकालीन स्थिति में काल्पनिक हवाई हमला / वृहद मॉकड्रिल हेतु वृहद जागरूकता कार्यक्रम

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। भारत सरकार गृह मंत्रालक, महानिदेशालय अग्निशमन सेवा, नागरिक सुरक्षा एवं गृह रक्षक नई दिल्ली के निदेशों के क्रम में एक काल्पनिक वृहद मॉकड्रिल हेतु जागरूक करने के निर्देश दिये गये है। उक्त के अनुपालन हेतु जिलाधिकारी महोदय द्वारा सम्बन्धित विभागों के अध्यक्षों को निर्देश जारी करते हुए अपेक्षा की गयी है कि वह आपातकालीन स्थिति में काल्पनिक हवाई हमला / वृहद मॉकड्रिल हेतु अपने स्तर से जागरूकता कार्यक्रम एवं दायित्वों के रूप में कार्यो का निर्वहन कराना सुनिश्चित करेंगें तथा काल्पनिक हवाई हमले से बचाव हेतु अपने स्तर से सायरन / ढ४ुब्लू ींशी२२ २८२३ी/ फंङ्गि २३ं३ङ्कल्ल२ /ह्र१ीह्ली२२ ळ१ल्ल१े३३ी१/ ह्लड्डूंह्ल थ्ङ्गि ी३ू संबंधी उपकरणों को क्रियाशील रखना सुनिश्चित करेंगे तथा किसी भी आपातकालीन स्थिति के दृष्टिगत सभी अस्पतालों में व्यवस्थाओं को क्रियाशील एवं नागरिकों को चिकित्सा संबंधी सेवाएं प्रदान करना तथा मॉकड्रिल के दौरान पर्याप्त एम्बूलेंस मय चिकित्सक की व्यवस्था सुनिश्चत करें। इसके अतिरिक्त हवाई हमले के बचाव के संबंध में सेवा भाव एवं राष्ट्रहित में जागरूकता प्रचारित एवं प्रसारित करें, जिससे अफवाह इत्यादि न फैले। दिनांक 07.05.2025 को आयोजित नागरिक सुरक्षा स्कूलों/कालिजों में मॉकड्रिल किये जाने के सम्बन्ध में निर्देश प्राप्त हुए है। जिसमें नागरिक सुरक्षा गाजियाबाद के वार्डन/स्वयं सेवकों, स्कूलों के छात्र-छात्राओं के साथ मॉकड्रिल में आपदा से बचाव हेतु जागरूक कर निर्देश दिये गये है। उक्त के अनुपालन में नगर के 10 स्कूलों में छात्र-छात्राओं एन.सी.सी कैडेटस आदि को हमले से बचाव के संबंध में जागरूक करने हेतु पूर्वान्ह 10:00 बजे से मॉकड्रिल आयोजित की जायेगी।

# जिले में आज होगी व्यापक मॉकड्रिल

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। गृह मंत्रालय के निदेर्शानुसार गाजियाबाद जिले में आज यानि बुधवार को एक व्यापक मॉकड्रिल का आयोजन किया जाएगा, जिसकी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। इस मॉकड्रिल के जरिए आम जनमानस को आपात स्थिति में सतर्कता और सुरक्षा के उपायों के प्रति जागरूक किया जाएगा। मंगलवार को इस संबंध में एडीएम सिटी गंभीर सिंह की अध्यक्षता में सिविल डिफेंस अधिकारियों और पदाधिकारियों की एक अहम बैठक आयोजित हुई, जिसमें मॉकड्रिल की रूपरेखा और रणनीति तय की गई।

सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल ने बताया कि यह मॉकड्रिल दो चरणों में आयोजित की जाएगी। पहले चरण में सुबह 10 बजे से जिले के चयनित 10 स्कूलों में अभ्यास कराया जाएगा। इनमें छह स्कूल शहरी क्षेत्र में और चार ट्रांस हिंडन क्षेत्र में स्थित हैं। मॉकड्रिल शुरू होने से पहले छात्रों की काउंसलिंग की जाएगी, जिसमें उन्हें मॉकड्रिल का उद्देश्य और इसमें उनकी भूमिका के बारे में विस्तार से बताया जाएगा। छात्रों को यह भी बताया जाएगा कि आपात स्थिति में कैसे संयम बनाए रखें और सुरक्षित स्थानों पर कैसे पहुंचें। दूसरे चरण में शाम के समय एक ब्लैकआउट आधारित मॉकड्रिल आयोजित की जाएगी। इसमें युद्ध या आपातकालीन परिस्थिति की स्थिति को दशार्ते हुए ब्लैकआउट का सायरन बजाया जाएगा। साथ ही नागरिकों को लाइटें बंद करने, सुरक्षित स्थानों तक पहुंचने और राहत कार्यों में सहयोग करने जैसी गतिविधियों की रिहर्सल कराई जाएगी। यह अभ्यास आपदा प्रबंधन की वास्तविक तैयारियों का हिस्सा है, जिससे जिले की आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली को मजबूत किया जा सके। इस बैठक में डिप्टी चीफ वार्डन अनिल अग्रवाल, उप नियंत्रक गुलाम नबी, वरिष्ठ सदस्य गोपाल बंसल, संध्या त्यागी समेत सिविल डिफेंस के कई अन्य अधिकारी मौजूद रहे। सभी ने अपने-अपने स्तर पर जिम्मेदारियों का निर्धारण किया और मॉकड्रिल को सफल बनाने के लिए समन्वय बनाकर काम करने का संकल्प लिया।

# गर्भवती महिला की मौत, एक साल में 28वीं मौत बनी चिंता का कारण

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। जिला महिला अस्पताल में मंगलवार को उपचार के लिए लाई गई पांच माह की गर्भवती महिला की मौत ने जिले की मातृ स्वास्थ्य व्यवस्था पर फिर सवाल खड़े कर दिए हैं। अस्पताल प्रबंधन ने पहली बार किसी गर्भवती महिला की मौत के बाद उसका शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा और पुलिस को भी सूचित किया। यह कदम स्वास्थ्य विभाग की ओर से बढ़ती मौतों के मद्देनजर उठाया गया है।

जानकारी के मुताबिक, विजयनगर के कृष्णा नगर निवासी मनोज की पत्नी पिंकी को मंगलवार को रक्तस्त्राव की समस्या के चलते अस्पताल लाया गया था। पिंकी पांच माह की गर्भवती थी और साथ ही उसे बुखार और टाइफाइड की भी शिकायत थी। मनोज उसे पहले दो निजी अस्पतालों में लेकर गया लेकिन वहां इलाज से इनकार कर दिया गया। अंततः जब पिंकी को जिला महिला अस्पताल लाया गया, तब चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सीएमएस डॉ. अलका शर्मा ने बताया कि पिंकी की मौत के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और पुलिस को विधिवत सूचना दी गई है। गाजियाबाद में पिछले एक वर्ष में कुल 28 गर्भवती महिलाओं की मौत हो चुकी है। केवल अप्रैल महीने में ही तीन महिलाओं की जान जा चुकी है, जिनमें से सभी की मौत जिला महिला अस्पताल में हुई। इन घटनाओं के बाद सीएमओ स्तर पर मौतों का विश्लेषण (डेथ ऑडिट) कराया जा रहा है, लेकिन इसके बावजूद सुधार के कोई ठोस संकेत नहीं दिख रहे।

## जीपीए ने की फिल्म फुले को टैक्स फ्री करने की मांग

**गाजियाबाद**। गाजियाबाद पैरेंट्स एसोसिएशन (जीपीए) ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिक्षा का महत्व बताने वाली फिल्म फुले को टैक्स फ्री करने की मांग की है। एसोसिएशन ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन मंगलवार को एडीएम सिटी गंभीर सिंह को सौंपा। एसोसिएशन का कहना है कि फिल्म के माध्यम से सावित्रीबाई फुले और उनके पतिफुले ज्योतिराव द्वारा भारत में लड़कियों के लिए स्कूल स्थापित करने एवं समाज में व्याप्त अनेकों कुरीतियों को समाप्त करने के संघर्ष को दिखाया गया है। साथ ही शिक्षा के महत्व को भी समझाया है। इस मौके पर अनिल सिंह, राहुल कुमार, धर्मेंद्र सिंह, मीनू सिंह, ज्योति भाटी, राजू सैफी, नरेश कुमार, पूजा सिंह, जया, दीपाली पाल, अनीता पाल, मोहित मावी, रिजवान आदि मौजूद रहे।

# सरकारी स्कूलों की बदलती तस्वीर: पीएम श्री विद्यालय सुहाना में मेगा पीटीएम का आयोजन

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद**। शिक्षा के क्षेत्र में बदलाव की लहर अब जमीनी स्तर पर स्पष्ट दिखने लगी है। इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा, पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय सुहाना में मंगलवार को आयोजित मेगा पैरेंट-टीचर मीटिंग (पीटीएम), जो न केवल संवाद का माध्यम बनी बल्कि विद्यार्थियों और अभिभावकों के लिए प्रेरणा और सम्मान का मंच भी साबित हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसे मोदीनगर की विधायक डॉ. मंजू सिवाच, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओ.पी. यादव, शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. अनुज त्यागी और अन्य गणमान्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया। इसके बाद अतिथियों का पारंपरिक स्वागत किया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सजी इस पीटीएम में बच्चों ने नृत्य, गीत और नाटकों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया, जिसे देख कर मंच पर बैठे अतिथिगण भी तालियां बजाने को मजबूर हो गए। विधायक डॉ. मंजू सिवाच ने इस मौके पर अभिभावकों को संबोधित करते हुए शिक्षा की महत्ता पर प्रकाश डाला और कहा कि, सरकारी स्कूल अब शिक्षा के नए केंद्र बनते जा रहे हैं, और इसके लिए अभिभावकों की भूमिका सबसे अहम है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओ.पी. यादव ने उपस्थित अभिभावकों को सरकारी विद्यालयों में दी जा रही सुविधाओं की जानकारी दी और भरोसा दिलाया कि शासन-प्रशासन मिलकर इन विद्यालयों को मॉडल स्कूल बनाने की दिशा में काम कर रहा है। खण्ड शिक्षा अधिकारी जमुना प्रसाद ने पीएम श्री योजना के तहत विद्यालयों के चयन, उद्देश्यों और आगामी विकास कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक सलीम जावेद ने विद्यालय की उपलब्धियों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि कैसे सीमित संसाधनों के बावजूद शिक्षक और छात्र मिलकर बेहतर परिणाम दे रहे हैं। इस कार्यक्रम में न केवल उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया बल्कि नियमित उपस्थिति और सहयोग के लिए कुछ अभिभावकों को भी शॉल ओढ़ाकर विशेष सम्मान प्रदान किया गया इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी मुरादनगर जमुना प्रसाद, ब्लॉक अध्यक्ष अमित यादव, ग्राम प्रधान डॉ. मोहम्मद इरफान, निपुण भारत मिशन से सौरभ, रूचि गुप्ता, अरुण पंवार सहित बड़ी संख्या में शिक्षक और अभिभावक मौजूद रहे। मेगा पीटीएम एक उदाहरण बन गया कि जब शिक्षक, अभिभावक और प्रशासन एक मंच पर आते हैं, तो शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव संभव है।

## दोस्ती के जाल में फंसाकर लगाया 28 लाख रुपये का चूना

**गाजियाबाद**। धोखाधड़ी के तरीके चाहे जितने बदल जाएं, मगर नीयत नहीं बदलती। ऐसा ही मामला गाजियाबाद में सामने आया है, जहां एक व्यक्ति को पहले दोस्ती का भरोसा दिलाया गया, फिर कम समय में रकम दोगुनी करने का प्रलोभन देकर उससे 28 लाख रुपये हड़प लिए गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी नितिन नेगी समेत कई अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वसुंधरा सेक्टर-3 स्थित केएन स्क्वायर फ्लैट नं. 104 के निवासी ऋषभ स्वामी ने पुलिस आयुक्त को दी शिकायत में बताया कि वह पिछले 10 वर्षों से नितिन नेगी को जानते हैं, जो वैशाली सेक्टर-2बी में रहता है। दोनों परिवारों में आपसी मेलजोल भी था। 14 सितंबर 2023 को शाम करीब 7 बजे नितिन उनके घर आया और बातचीत के दौरान कहा कि वह व्यापार में पैसे लगाकर बहुत ही कम समय में उन्हें दोगुना कर देता है। ऋषभ ने बताया कि नितिन की बातों में आकर उन्होंने न केवल खुद बल्कि अपने दोस्तों को भी निवेश के लिए प्रेरित किया।

# अपराधियों पर पुलिस का ऑपरेशन लंगड़ा जारी, मुठभेड़ों में चली गोलियां

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। बदमाशों पर पुलिस का शिकंजा कसता जा रहा है। कमिश्नरेट पुलिस की स्वाट, क्राइम ब्रांच और विभिन्न थानों की टीमों ने बीते दो दिनों में एक के बाद एक ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए न केवल कई शातिर अपराधियों को मुठभेड़ में दबोचा, बल्कि जिले भर में खौफ फैला चुके लुटेरे, स्नैचर और वाहन चोरों को भी सलाखों के पीछे भेज दिया। इन अभियानों में कई बदमाश पुलिस की गोली से घायल हुए, जिनमें कुछ के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट समेत गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। विजयनगर थाना क्षेत्र में पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़ उस वक्त हो गई, जब चेकिंग कर रही टीम ने एक संदिग्ध बाइक सवार को रुकने का इशारा किया। बदमाश ने फायरिंग कर दी, जिसके जवाब में पुलिस की गोली से वह घायल हो गया। पकड़े गए आरोपी अमरजीत के पास से चोरी की मोटरसाइकिल, तमंचा और 31,140 नगद बरामद हुआ।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजीत सिंह की पुण्यतिथि पर आरएलडी कार्यकर्ताओं ने दी पुष्पांजलि

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। राष्ट्रीय लोक दल (आरएलडी) के संस्थापक और पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय चौधरी अजीत सिंह की चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर मंगलवार को केंद्रीय कार्यालय, शाहजहां रोड दिल्ली में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस दौरान पूरे देश से आरएलडी के समर्पित कार्यकताओं ने एकत्र होकर चौधरी साहब को पुष्पांजलि अर्पित की और उनके द्वारा किए गए योगदान को याद किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ सरदार इंद्रजीत सिंह टीटू, प्रदेश महासचिव रविंदर चौहान, व्यापारी नेता संजीव अरोड़ा, जिला सचिव दिनेश शर्मा सहित कई प्रमुख पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वक्ताओं ने चौधरी अजीत सिंह को किसानों की आवाज, देश के मजबूत नेता और दूरदर्शी राजनीतिज्ञ बताते हुए कहा कि उनका जीवन समर्पण, संघर्ष और सेवा की मिसाल है।